वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 302 गुरुवार 29 फरवरी 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## राज्यपाल मिश्र से मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल ने मुलाकात की

### राम जन्मभूमि मंदिर स्मारक डाक टिकट एवं पुस्तक राममय जीवन संस्कृति की गौरव गाथाः राज्यपाल



**जयपुर. कासं**

राज्यपाल कलराज मिश्र से बुधवार को राजभवन में राजस्थान वृत्त के मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल वीरेन्द्र कुमार गुप्ता ने मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल मिश्र को राम जन्मभूमि मंदिर पर जारी स्मारक डाक टिकटों का सेट और दुनिया के विभिन्न देशों में भगवान राम पर जारी डाक टिकटों से जुड़ी यात्रा की पुस्तक भेंट की। राज्यपाल मिश्र ने स्मारक डाक टिकट के अंतर्गत रामजन्म भूमि मंदिर और वहां पर उत्कीर्ण गणेश, हनुमान, जटायु, केवटराज और मां शबरी के जारी 6 डाक टिकट सेट की सराहना की। उन्होंने आस्ट्रेलिया, कंबोडिया, कनाडा, फीजी, इण्डोनेशिया, नेपाल, श्रीलंका, न्यूजीलैण्ड, थाइलैण्ड, यूएन, अमेरिका, सिंगापुर जैसे विश्व के 20 से अधिक देशों द्वारा रामायण से जुड़े चरित्रों और कथानकों पर समय-समय पर जारी डाक टिकटों की यात्रा से जुड़ी पुस्तक को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह राम-मय जीवन और संस्कृति की गौरव गाथा है। डाक विभाग द्वारा जारी श्रीराम जन्म भूमि स्मारक डाक टिकट और इस पुस्तक का कुछ समय पूर्व ही पीएम मोदी ने लोकार्पण किया था।

## 6 मार्च को हेरिटेज निगम की साधारण सभा की बैठक

### बीजेपी-कांग्रेस पार्षदों ने मेयर के खिलाफ खोला मोर्चा, बोले- भ्रष्टाचार कर रही हैं मुनेश

**जयपुर. कासं**

जयपुर नगर निगम हेरिटेज में 3 साल के लंबे इंतजार के बाद 6 मार्च को साधारण सभा की दूसरी बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक में लगभग 7 एजेंडो पर चर्चा की जाएगी, लेकिन इससे पहले ही कांग्रेस और बीजेपी के पार्षदों ने मेयर मुनेश गुर्जर के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस और बीजेपी के पार्षदों ने बुधवार को निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा से मिलकर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि जब 6 मार्च को नगर निगम की साधारण सभा की बैठक आयोजित होने वाली थी। तो फिर बजट को बिना चर्चा के ही सरकार के पास क्यों भेजा गया। भाजपा पार्षद कुसुम यादव ने कहा कि जयपुर नगर निगम में मेयर मुनेश गुर्जर ने जमकर भ्रष्टाचार मचा रखा है। बिना साधारण सभा की बैठक के उन्होंने करोड़ों रुपए के बजट को सरकार के पास भेज दिया, जबकि 6 मार्च को साधारण सभा की बैठक प्रस्तावित थी। ऐसे में पार्षदों से चर्चा कर बजट सरकार के पास भेजा जाना चाहिए था, लेकिन बिना पार्षदों की चर्चा के जिस तरह से उन्होंने एक बार फिर तानाशाही रवैया अपनाते हुए बजट सरकार को भेजा है। इससे उनकी मानसिकता का पता चलता है। कुसुम यादव ने कहा कि मेयर मुनेश गुर्जर से सिर्फ बीजेपी और जयपुर की जनता ही नहीं बल्कि कांग्रेस के नेता भी परेशान हो गए हैं। उनके खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायतें लगातार बढ़ रही है। पूर्व में भी उनके पति रिश्वत के मामले में



रंगे हाथों पकड़े जा चुके हैं। बावजूद इसके वह भ्रष्टाचार करने से बाज नहीं आ रही है। उन्होंने कहा कि मेयर मुनेश गुर्जर ने जयपुर में हालात बद से बदतर स्थिति में ला दिया है। उनकी वजह से शहर का विकास अटक गया है। जनता की समस्याओं को लेकर पार्षदों के काम नहीं हो रहे हैं। इसी वजह से हमने नगर निगम के आयुक्त से मिलकर अपनी समस्या बताई है। इस दौरान 50 से ज्यादा बीजेपी और कांग्रेस के पार्षद मौजूद थे।

### फरवरी 2021 में एक बार हुई थी साधारण सभा की बैठक

दरअसल, नगर निगम हेरिटेज के बोर्ड गठन के बाद सिर्फ एक बार फरवरी 2021 में पहली बार नगर निगम हेरिटेज की साधारण सभा हुई। इसमें साल 2021-2022 का 784 करोड़ रुपए का बजट पारित हुआ था। इसके बाद से मेयर मुनेश गुर्जर ने कोविड और विधानसभा-लोकसभा सत्र का हवाला देकर एक भी बार भी बोर्ड बैठक नहीं बुलाई। साल 2022-2023 में 879 करोड़ रुपए का बजट और साल 2023-2024 में 1082 करोड़ रुपए का बजट सरकार को भेजा गया था।

## देवनानी ने स्व. महावीर प्रसाद जैन को दी श्रद्धांजलि

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बुधवार को निवाई में स्व. महावीर प्रसाद जैन के निवास पर पहुंचकर पूर्व सरकारी मुख्य सचेतक महावीर प्रसाद जैन को श्रद्धांजलि दी। देवनानी ने शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया। देवनानी ने कहा कि उन्हें स्व. जैन के साथ लम्बे समय तक कार्य करने का अवसर मिला। स्व. जैन की राजस्थान की राजनीति में भूमिका अविस्मरणीय रहेगी। जैन का निधन उनके लिए व्यक्तिगत क्षति है। स्वर्गीय जैन सरल व्यक्तित्व के धनी थे। वे स्पष्टवादी और मुखर वक्ता थे। सबको साथ लेकर चलते थे। राजस्थान की राजनीति में उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। उनके साथ किए गए काम हमें प्रेरणा देते रहेंगे। उनका निधन राज्य की राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति है। उनकी यादें मेरे स्मरण में सदैव बनी रहेगी। देवनानी ने कहा कि राजस्थान विधानसभा में मुख्य सचेतक के रूप में स्वर्गीय जैन ने सदन में एक विशिष्ट छाप छोड़ी है। उन्होंने सदन में पक्ष और प्रतिपक्ष के सदस्यों के मध्य समन्वय का कार्य बेहतर तरीके से किया। वर्षों तक लोगों को जोड़ने का कार्य किया। उन्होंने अपना जीवन सादगी से जीया। जैन समाज में उनकी अच्छी छवि थी।




समन्वय सद्भावना संगठन
दिगम्बर जैन महासमिति
दिगम्बर जैन महासमिति
महिला अंचल राजस्थान
महिला दिवस
आज की नारी की
उड़ान
शुक्रवार, दिनांक 1 मार्च, 2024
भट्टारक जी की नसियाँ, जयपुर
दोपहर बजे 12.15 से सायं 6.30 बजे तक
INTERNATIONAL WOMEN'S Day
कार्यक्रम
• दोपहर 12.15 बजे - रजिस्ट्रेशन
• दोपहर 1.00 बजे - मंच आमंत्रण, दीप प्रज्ज्वलन, मंगलाचरण
• दोपहर 1.30 बजे - स्वागत गीत, अतिथि सम्मान, स्वागत
• दोपहर 2.00 बजे - विशेष वक्ता का उद्बोधन
• दोपहर 2.30 बजे - नारी गौरव सम्मान
• दोपहर 3.00 बजे - लघु नाटिका
• दोपहर 3.30 बजे - महासमिति पदाधिकारी उद्बोधन, शपथ ग्रहण
• दोपहर 4.00 बजे - रोचक गेम्स , हाऊजी एवं नृत्य
• दोपहर 5.30 बजे - सामूहिक सहभोज
Udaan
"नारी के सम्मान से ही धर्म-संस्कृति का उत्थान संभव है।"
लघु नाटिका
विद्यावाणी का आगाज़
गौरवमयी उपस्थिति
राष्ट्रीय अध्यक्ष महासमिति
श्री अशोक जी बड़जात्या
गौरवमयी उपस्थिति
राष्ट्रीय महामंत्री महासमिति
श्री सुरेन्द्र जी पाण्ड्या
अंचल अध्यक्ष
अनिल कुमार जैन
I.P.S. (Retd.)
अंचल महामंत्री
महावीर बाकलीवाल
समारोह गौरव
श्रीमती नीना जी पहाड़िया
(श्री प्रमोद जी पहाड़िया)
मुख्य अतिथि
श्रीमती शशी जी सौंगानी
(श्री अतुल जी सौंगानी)
अध्यक्षता
श्रीमती ममता जी सौंगानी
(श्री शांतिकुमार जी सौंगानी) जापान वाले
दीप प्रज्वलनकर्त्ता
श्रीमती मृदुला जी पाण्ड्या
(श्री सुरेन्द्र जी पाण्ड्या)
विशिष्ट अतिथि
श्रीमती अनिला कोठारी
(भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल)
विशिष्ट अतिथि
श्रीमती त्रिशला जी गोधा
(धर्मपत्नी स्व. श्री राजेन्द्र के. गोधा)
पुरस्कार वितरणकर्त्ता
श्रीमती प्रियंका जी सौंगानी
(श्री महेश जी सौंगानी)
..वक्तागण..
श्रीमती राधिका राजवाला
क्राइम ब्रांच
जयपुर
सुश्री विशापा जैन
सहायकचार्य
केन्द्रीय संस्कृत वि. वि.
जयपुर
डॉ. शिवांगी जैन
पैथोलॉजी विभाग
एस.एम.एस.हॉस्पिटल
जयपुर
विशिष्ट अतिथि
श्रीमती मृदुला जी जैन
(रि.प्रो. ऐड डिपार्ट. ऑफ जूलोजी पंजाब.वि.वि.)
विशिष्ट अतिथि
श्रीमती ऋतु जी कासलीवाल
( श्री सुधान्शु जी कासलीवाल)
विशिष्ट अतिथि
श्रीमती पुष्पा जी बिलाला
(श्री पदम जी बिलाला)
आंमत्रित अतिथि सदस्य :
श्री नवीन सेन जी जैन • श्री ज्ञानचन्द जी झांझरी • श्री निर्मल जी संघी
श्री यशकमल जी अजमेरा • श्री प्रकाश जी पटवारी-टोंक
श्री प्रकाश जी जैन-अजमेर • श्री अरविन्द जी झांझरी-सवाईमाधोपुर
श्री विमल जी जौलावाले-निवाई • श्री मुकेश जी बोहरा-अजमेर
श्री राकेश जी गोदीका • श्री प्रदीप जी जैन • श्री विनोद जी जैन कोटखावदा
श्री धीरज जी जैन • श्री पवन जी पाण्ड्या • श्री चेतन जी जैन निमोड़िया
श्री अमित शाह • श्री कमलेश जी जैन-विधानसभा • श्री देवेन्द्र जी कासलीवाल-जनकपुरी
महिला अंचल अध्यक्ष
श्रीमती शकुन्तला बिन्दायका
श्री महावीर बिन्दायका
95294-21053
महिला अंचल महामंत्री
श्रीमती सुनीता गंगवाल
श्री रमेश गंगवाल
80058-78352
महिला अंचल कोषाध्यक्ष
श्रीमती उर्मिला जैन
श्री राकेश जैन
94134-90487

# वीर सावरकर पहले क्रांतिकारी देशभक्त थे, जिन्होंने 1901 में ब्रिटेन की रानी विक्टोरिया की मृत्यु पर नासिक में शोक सभा का विरोध कर कहा कि वो हमारे शत्रु देश की रानी थी, हम शोक क्यों करें : भिकुजी भाई







**जयपुर. शाबाश इंडिया**

सीतापुरा स्थित महात्मा गांधी कॉलेज ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज में सावरकर दर्शन प्रतिष्ठान राजस्थान शाखा के द्वारा वीर सावरकर स्मृति समारोह का आयोजन किया गया। प्रदेश संयोजक विजया पारीख एवं सह संयोजक राघव गर्ग ने बताया कि सुबह 11 बजे से 1 बजे तक महात्मा गांधी कॉलेज आफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के सभागार में वीर सावरकर की 58वीं पुण्यतिथि का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता गवर्नमेंट ऑफ इंडिया डीएनटी कमीशन के अध्यक्ष पद्मश्री भिकुजी (दादा) भाई ने वीर सावरकर के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद भिकुजी भाई ने वीर सावरकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वीर सावरकर पहले क्रांतिकारी देशभक्त थे जिन्होंने 1901 में ब्रिटेन की रानी विक्टोरिया की मृत्यु पर नासिक में शोक सभा का विरोध किया और कहा कि वो हमारे शत्रु देश की रानी थी, हम शोक क्यूँ करें? क्या किसी भारतीय महापुरुष के निधन पर ब्रिटेन में शोक सभा हुई है। उन्होंने एडवर्ड सप्तम के राज्याभिषेक समारोह का उत्सव मनाने वालों को त्रयंम्बकेश्वर में बड़े बड़े पोस्टर लगाकर कहा था कि गुलामी का उत्सव मत मनाओ।

## विदेशी वस्त्रों की जलाइ होली...

कोषाध्यक्ष क्षितिज बंसल एवं सुशीला परिहार ने बताया कि 7 अक्तूबर 1905 को पूना में विदेशी वस्त्रों की पहली होली का दहन किया, जबकि गाँधी ने इस घटना की दक्षिण अफ्रीका के अपने पत्र इन्डियन ओपीनियन में निंदा की थी। सावरकर के द्वारा विदेशी वस्त्र दहन की घटना के 16 वर्ष बाद गाँधी उनके मार्ग पर चले और 11 जुलाई 1921 को मुंबई के परेल में विदेशी वस्त्रों का बहिष्कार किया। 1905 में विदेशी वस्त्र दहन के कारण पुणे के फर्ग्युसन कॉलेज से निकाल कर दस रुपए जुमार्ना किया। इसके विरोध में हड़ताल हुई। स्वयं तिलक जी ने केसरी पत्र में सावरकर के पक्ष में सम्पादकीय में लिखा कि 1909 में ब्रिटेन में ग्रेज-इन परीक्षा पास करने के बाद ब्रिटेन के राजा के प्रति वफादार होने की शपथ नही ली। इस कारण उन्हें बैरिस्टर होने की उपाधि का पत्र कभी नही दिया गया।

## क्रांतिकारियों के लिए पवित्र गीता थी स्वातंत्र्य समर पुस्तक...

संघटन की सचिव उर्मिला ने बताया कि वीर सावरकर पहले ऐसे लेखक थे जिन्होंने अंग्रेजों द्वारा गदर कहे जाने वाले संघर्ष को 1857 का स्वातंत्र्य समर नामक ग्रन्थ लिखकर सिद्ध कर दिया। जिनके लिखे 1857 का स्वातंत्र्य समर पुस्तक पर ब्रिटिश संसद ने प्रकाशित होने से पहले प्रतिबन्ध लगाया था। 1857 का स्वातंत्र्य समर विदेशों में छापा गया और भारत में भगत सिंह ने इसे छपवाया था जिसकी एक एक प्रति तीन-तीन सौ रुपए में बिकी थी। भारतीय क्रांतिकारियों के लिए यह पवित्र गीता थी। पुलिस छापों में देशभक्तों के घरों में यही पुस्तक मिलती थी। सावरकर पहले क्रान्तिकारी थे जिनका मुकद्दमा अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय हेग में चला, मगर ब्रिटेन और फ्रांस की मिलीभगत के कारण उनको न्याय नही मिला और बंदी बनाकर भारत लाया गया। जिन्हें अंग्रेजी सरकार ने दो आजन्म कारावास की सजा सुनाई थी। इस पर सावरकर हंसकर बोले- चलो, ईसाई सत्ता ने हिन्दू धर्म के पुनर्जन्म सिद्धांत को मान लिया।

## जिसके तीर्थ भारत भूमि में हैं, वही हिन्दू है...

वीर सावरकर पहले राजनैतिक बंदी थे जिन्होंने काला पानी की सजा के समय 10 साल से भी अधिक समय तक आजादी के लिए कोल्हू चलाकर 30 पोंड तेल प्रतिदिन निकाला। जिन्होंने काल कोठरी की दीवारों पर कंकर कोयले से कविताएं लिखी और 6 हजार पंक्तियां याद रखी। परन्तु उनकी लिखी हुई पुस्तकों पर आजादी के बाद कई वर्षों तक प्रतिबन्ध लगा रहा। उन्होंने हिन्दू को परिभाषित करते हुए लिखा कि- समुद्र से हिमालय तक भारत भूमि जिसकी पितृभू है जिसके पूर्वज यहीं पैदा हुए हैं व यही पुण्य भू है, जिसके तीर्थ भारत भूमि में ही हैं, वही हिन्दू है। जिन्हें अंग्रेजी सत्ता ने 30 वर्षों तक जेलों में रखा तथा आजादी के बाद 1948 में नेहरु सरकार ने गाँधी हत्या की आड़ में लाल किले में बंद रखा पर न्यायालय द्वारा आरोप झूठे पाए जाने के बाद ससम्मान रिहा कर दिया।

## राष्ट्रपति डॉ. अब्दुल कलाम ने किया वीर सावरकर के चित्र अनावरण...

वीर सावरकर का 26 फरवरी 1966 को उनका स्वर्गारोहण हुआ तब भारतीय संसद में कुछ सांसदों ने शोक प्रस्ताव रखा तो यह कहकर रोक दिया गया कि वे संसद सदस्य नही थे जबकि चर्चिल की मौत पर शोक मनाया गया था। जबकि वीर सावरकर पहले क्रांतिकारी राष्ट्रभक्त स्वातंत्र्य वीर थे जिनके मरणोपरांत 26 फरवरी 2003 को उसी संसद में मूर्ति लगी जिसमें कभी उनके निधन पर शोक प्रस्ताव भी रोका गया था। उनके चित्र को संसद भवन में लगाने से रोकने के लिए कांग्रेस अध्यक्षा सोनिया गाँधी ने राष्ट्रपति को पत्र लिखा लेकिन राष्ट्रपति डॉ. अब्दुल कलाम ने सुझाव पत्र नकार दिया और वीर सावरकर के चित्र अनावरण राष्ट्रपति ने अपने कर-कमलों से किया। वीर सावरकर पहले राष्ट्रभक्त हुए जिनके शिलालेख को अंडमान द्वीप की सेल्युलर जेल के कीर्ति स्तम्भ से यूपीए सरकार के मंत्री मणिशंकर अय्यर ने हटवा दिया था और उसकी जगह गांधी का शिलालेख लगवा दिया।

## दस साल आजादी के लिए चलाया काला पानी में कोल्हू...

वीर सावरकर ने दस साल आजादी के लिए काला पानी में कोल्हू चलाया था जबकि गाँधी ने काला पानी की उसी जेल में कभी दस मिनट चरखा भी नही चलाया। वीर सावरकर मां भारती के पहले सपूत थे, जिन्हें जीते जी और मरने के बाद भी आगे बढ़ने से रोका गया। पर आश्चर्य की बात यह है कि इन सभी विरोधियों के घोर अंधेरे को चीरकर आज वीर सावरकर के राष्ट्रवादी विचारों का सूर्य उदय हो रहा है।

## प्रतिभावान बच्चों का हुआ सम्मान...

इस अवसर पर कोषाध्यक्ष क्षितिज बंसल ने बताया कि कार्यक्रम में सावरकर दर्शन प्रतिष्ठा की ओर से प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया गया।

## वेद ज्ञान

### स्वयं की शक्ति को पहचानें...

अनेक ऋषियों-मुनियों और संतों ने अपने साहित्य को माध्यम बनाकर आपके हृदय को स्पर्श करने की कोशिश की है, आपके हृदय को स्पर्श कर आपको जगाने की कोशिश की है। उन्होंने आपके मन रूपी मंदिर में एक दिया जलाने की कोशिश की है ताकि आपकी अज्ञानता दूर हो सके लेकिन आप तो मोह से दूर होते ही नहीं। आपको अपने आपको समझाना होगा। आप कौन हैं-आपका जीवन एक यात्रा है। यह यात्रा आज से नहीं, कल से नहीं, यह यात्रा उस दिन से नहीं जारी है, जब आपका जन्म हुआ। आपकी यात्रा तो तब से प्रारंभ हुई है जब आप परमात्मा से बिछड़ कर एक इकाई बने, एक अंश बने। आप अपने घर से दूर चले गए हैं। आप सोच रहे हैं कि आपने एक घर बना लिया है। आप सोचते हैं कि यह शरीर आपको एक घर के रूप में मिला है, परंतु यह शरीर आपका नहीं है, यह घर आपका नहीं है। यह घर आपका बनाया हुआ है। आपका उत्तराधिकारी पैदा हो चुका है। वह तैयार हो रहा है आपसे सब कुछ छीन लेने के लिए। यह प्रकृति, यह पृथ्वी आपसे सब कुछ छीन लेगी। यह घर आपका नहीं। यह तो आपके कर्मों के कारण आपको उपलब्ध है। कर्म ही घर बनाते हैं। आपको कर्म ही आपका भाग्य बनाते हैं। इसलिए आप कर्म के धनी बनें। हम उस सत्य से बिछड़ चुके हैं। हम अपने अस्तित्व से दूर हो चुके हैं। हम बहुत दूर यात्रा कर चुके हैं, दूर हो चुके हैं उस परमात्मा से, जहां से हम चले हैं। उसके करीब जाने के लिए, उसे प्राप्त करने के लिए आपको किसी यात्रा की जरूरत नहीं। आप कहीं भी यात्रा करें, लौट करके आपको अपने घर आना होगा और यह पता लगाना पड़ेगा कि यह घर कौन सा है। जब तक आप उस घर का पता नहीं लगा पाते, तब तक वह यात्रा आपको अपने निज की ओर, परमात्मा की ओर नहीं ले जा सकती। जब तक यह उपलब्ध नहीं होगा, तब तक आप दुखी रहेंगे। चाहे आप कुछ भी करें, चाहे आप दिन भर माला जाप करते रहें या किसी का नाम लेते रहें, आपका भला नहीं होगा, क्योंकि आप सत्य को नहीं जानते। आप किसी से जुड़ना चाहते हैं, आप किसी से मिलना चाहते हैं और आप किसी का होना चाहते हैं। किसी का होने में आपकी अस्मिता-आपका अस्तित्व खो जाता है, आप गुलामी की ओर जाते हैं।

## संपादकीय

# केजरीवाल आखिरकार क्यों ईडी के समन की कर रहे हैं अनदेखी



केजरीवाल आखिरकार क्यों ईडी के समन की कर रहे हैं अनदेखी प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने शराब घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आठवीं बार समन भेजा है, मगर अब तक वे कोई न कोई वजह बता कर उसके सामने पेश होने से बचते रहे हैं। अब उनका कहना है कि अगर अदालत इस संबंध में आदेश देगी तभी वे प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश होंगे। हालांकि यह समझना मुश्किल है कि किसी सरकारी एजेंसी की ओर से इस तरह बार-बार समन भेजे जाने की अनदेखी करने की वजह क्या सिर्फ खुद को निर्दोष मानना है या फिर आंख-मिचौली जैसा कोई खेल है, जिसमें आखिरकार उनसे पूछताछ होनी ही है। अगर उन्हें लगता है कि ईडी बिना किसी ठोस आधार के उन्हें बुला रही है, तो समूचे मामले को पारदर्शी तरीके से उसके सामने रख देने में उन्हें क्यों हिचक हो रही है! फिर अगर आने वाले दिनों में अदालत ने उन्हें ईडी के सामने पेश होने का आदेश दे दिया, तब उनके मौजूदा रुख को किस तरह देखा जाएगा? गौरतलब है कि दिल्ली सरकार ने सन 2021-22 के लिए आबकारी नीति के तहत जिन शराब व्यापारियों को लाइसेंस जारी किए थे, उन पर इसके लिए रिश्वत देने का आरोप है। मनपसंद कारोबारियों को लाइसेंस जारी किए गए। हालांकि आम



आदमी पार्टी ने इन आरोपों को गलत बताया है, लेकिन अगर उसके वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ऐसे ही आरोपों के तहत हुई पूछताछ के बाद जेल में हैं और मुकदमे का सामना कर रहे हैं तो उसका कोई न कोई ठोस आधार होगा। शायद यही वजह है कि अब ईडी सरकार में सबसे अहम पद पर होने की वजह से अरविंद केजरीवाल को पेश होने के लिए कह रही है। अगर केजरीवाल को लगता है कि इस मामले में वे पूरी तरह पाक-साफ हैं तो पूछताछ से बचने के बजाय वे सारी तस्वीर सामने रख दे सकते हैं। यह याद किया जा सकता है कि उनके मौजूदा राजनीतिक सफर में भ्रष्टाचार के विरुद्ध आंदोलन छेड़ने, आरोपों पर जवाब देने और उसमें पारदर्शिता बरतने की मांग की एक बड़ी भूमिका रही है। इसलिए अब अगर भ्रष्टाचार के आरोपों के संदर्भ में उनसे पूरी तरह स्पष्टता और पारदर्शिता की उम्मीद की जा रही है, तो यह स्वाभाविक ही है।

## परिदृश्य

# मोबाइल पर पाबंदी

हाल ही में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अपने यहां के स्कूलों में मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर बैन लगाने की घोषणा की है। इस बात की सूचना अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर 50 सेकंड के रोचक वीडियो के माध्यम से दी। जागरूकता के लिए बनाए गए वीडियो में दिखाया गया है कि कैसे सुनक अपने फोन की घंटी लगातार बजने से परेशान और बाधित हो रहे हैं। वैसे तो सुनक का यह फैसला कोई नई परिपाटी नहीं बना रहा है क्योंकि पहली बार नहीं है कि किसी देश में मोबाइल फोन के स्कूलों में इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाया गया है। फ्रांस, फिनलैंड, चीन, इटली और पुर्तगाल इस प्रकार की रोक लगा चुके हैं। सुनक के फैसले पर चर्चा से पहले समझना जरूरी हो जाता है कि पिछले दो दशकों में कैसे मोबाइल फोन का शिक्षा और बाल विकास के साथ रोचक रिश्ता बन गया है। मोबाइल, जो कभी बातचीत का साधन भर हुआ करता था, आज जीवन के लगभग सभी पहलुओं कार्य, शिक्षा, मनोरंजन, खरीददारी इत्यादि से जुड़ गया है। कोविड-19 के बाद तो दुनिया मोबाइल में ही समाई हुई सी दिखने लगी है। इसमें कोई दो राय नहीं हैं पिछले कुछ वर्षों में इंटरनेट और मोबाइल फोन की उपलब्धता ने शिक्षा के विकास और इसको सर्वसुलभ बनाने में बड़ी भूमिका निभाई है। कोरोना काल में शिक्षण संस्थानों ने ऑनलाइन शिक्षा अपना कर छात्रों को तकरीबन दो साल के शैक्षिक नुकसान से बचाया। मोबाइल की उपलब्धता के कारण ही यह संभव हो सका। आज शिक्षा को भविष्यपरक, रोचक तथा कहीं भी, कभी भी सुलभ कराने के लिए ज्यादा जोर मोबाइल पर ही दिया जा रहा है। लेकिन इन तमाम सकारात्मक तथ्यों के बावजूद यह भी सच है कि मोबाइल फोन के प्रयोग को नियंत्रित नहीं किया जाए तो यह कई शारीरिक, मानसिक और सामाजिक परेशानियों का कारण बन जाता है। कई शोधों से पता चला है कि घंटों मोबाइल पर रील्स देखना, सोशल मीडिया ऐप जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप, यूट्यूब पर लगे रहना, गेम्स खेलना आदि नशे की लत की तरह है जो उपयोगकर्ता को वास्तविक दुनिया से अलग करके उसका ध्यान भटकाता है। सोचने-समझने की क्षमता को भी कमजोर करता है। मोबाइल का अनावश्यक इस्तेमाल व्यक्ति के स्वास्थ्य को भी प्रभावित करता है। दरअसल, मोबाइल से कई तरह की रेडिएशन निकलती है जो कई प्रकार की बीमारियां पैदा करती है जैसे नींद की कमी होना, माइग्रेन, अनियंत्रित रक्तचाप, आंखों में एलर्जी या ईयरफोन के उपयोग के कारण कानों की समस्या इत्यादि। स्कूली छात्रों के दृष्टि से देखें तो उनके मामले में कम उम्र के होने के कारण न सिर्फ इन समस्याओं की गंभीरता बढ़ जाती है, बल्कि अन्य परेशानियां भी सामने आती हैं। शिक्षा को लेकर काम करने वाली संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी यूनेस्को की 2023 में जारी वैश्विक शिक्षा मॉनिटरिंग रिपोर्ट के अनुसार, मोबाइल का क्लासरूम में बढ़ता उपयोग कई प्रकार से छात्रों का ध्यान भटकाता है, और उनकी पढ़ाई में बाधा डालता है। शोधों के हवाले से रिपोर्ट कहती है कि अगर एक बार कोई छात्र पढ़ाई से अलग किसी काम में लग जाता है तो उसे वापस पढ़ाई पर एकाग्र होने में करीब 20 मिनट का समय लगता है। एकाग्रता के अतिरिक्त जो बड़ी समस्या मोबाइल फोन ने खड़ी की है, वो है साइबर बुलिंग। साइबर बुलिंग एक प्रकार का ऑनलाइन शोषण है। वैसे तो दुनिया भर में इसको परिभाषित करने और इसको लेकर कानून बनाने का काम अभी चल ही रहा है लेकिन मोटे तौर पर समझें तो इसका अर्थ है किसी को ऑनलाइन तकनीक के माध्यम से डराना या धमकाना।

# संगीत नाटक अकादमी का उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार शास्त्रीय गायक समर्थ को

**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

लेकसिटी के सुर रसिकों सहित आमजन के लिए एक खुश खबर है। संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली की जनरल कौंसिल ने वर्ष 2022 के लिए शहर के युवा शास्त्रीय गायक समर्थ जानवे को उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार के लिए चयनित किया है। गौरतलब है कि अकादमी ने वर्ष 2022 और 2023 के लिए संगीत, नाट्य, नृत्य, पुतली कला सहित अन्य लोक तथा जनजातीय प्रदर्शन कलाओं की 80 राष्ट्र स्तरीय प्रतिभाओं का चयन किया है। संगीत नाटक अकादमी सचिव राजू दास ने बताया कि इन प्रतिभाओं को संगीत नाटक अकादमी की अध्यक्ष डॉ.संध्या पुरेचा विशेष समारोह में पुरस्कृत करेंगी। इस दौरान समर्थ को 25 हजार नकद राशि सहित ताम्र पत्र और अंगवस्त्रम प्रदान किए जाएंगे। बता दें, समर्थ ने 10 वर्ष की आयु से ही राजस्थान के प्रसिद्ध संगीत गुरु पंडित चौथमल माखन से गुरुशिष्य परम्परा के तहत शास्त्रीय गायन की शिक्षा आरम्भ की। बाद में संगीत मार्तण्ड पद्मभूषण पण्डित जसराज से मार्ग दर्शन प्राप्त किया। गुरु की तालीम और समर्थ की अनवरत साधना रंग लाती गई और शास्त्रीय गायन में उत्तरोत्तर प्रगति होती रही। समर्थ आज संगीत सभाओं में अपने मौलिक उपज के सात्विक और भावपूर्ण गायन से श्रोताओं को शीघ्र अपने साथ जोड़ लेते हैं। शास्त्रीय गायन में समर्थ को पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर से 2002 में सुर संगम सम्मान, संगीत कला केंद्र,आगरा से 2003 में नाद साधक सम्मान, 2008 में पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर से लोक संगीत में युवा पुरुस्कार, 2012 में सुरसंगम संस्थान, जयपुर से स्वरश्री सम्मान के अलावा राजस्थान संगीत नाटक अकादमी से 2013 में युवा पुरस्कार और राजस्थान संगीत नाटक अकादमी तथा संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार से युवा प्रतिभा छात्रवत्ति( 2004-05 ) और जूनियर फैलोशिप ( 2014-15 ) भी मिली है। अन्य उपलब्धियों में संगीत नाटक अकादमी- नई दिल्ली, संगीत नाटक अकादमी- राजस्थान, गोवा कला अकादमी,जवाहर कला केंद्र, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र- नई दिल्ली, पूर्वी क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र- कोलकाता, उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र- पटियाला, दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र- नागपुर एवम कई प्रतिष्ठित संस्थाओं द्वारा आयोजित शास्त्रीय संगीत समारोह में समर्थ ने श्रोताओं को मंत्र मुग्ध किया है। अखिल भारतीय गांधर्व महाविद्यालय से संगीत अलंकार और राजस्थान लोक सेवा आयोग से सेट की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले समर्थ जानवे ने मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय के संगीत विभाग में 11वर्ष तक अतिथि व्याख्याता के रूप में सेवाएँ दे चुके हैं। इनके अलावा समर्थ ने फीचर फिल्म, दस्तावेजी फिल्म, कई नाटक, रूपकों और संगीत एलबमों के लिए सुर और संगीत दिया है। 23 मई,1984 को अजमेर में जन्मे समर्थ को बाल्यकाल से ही अपने ननिहाल और घर में संगीत और कला का माहौल मिला। समर्थ के पिता विलास जानवे देश के ख्यात रंग निर्देशक और मूकाभिनय के वरिष्ठ कलाकार हैं और माता किरण जानवे भी रंगमंच से जुडी हैं। अपनी सभी योग्यताओं और सफलता का श्रेय समर्थ अपने माता पिता और गुरुजनों को देते हैं।



**रिपोर्ट/फोटो : राकेश शर्मा 'राजदीप'**

# डॉ. यादव की चित्र 'कुंडलिनी' मुंबई जहांगीर आर्ट गैलरी में प्रदर्शन के लिए चयनित



**उदयपुर. शाबाश इंडिया।** बॉम्बे आर्ट सोसायटी की 132 वीं वार्षिक कला प्रदर्शनी में उदयपुर के युवा और प्रतिभाशाली चित्रकार डॉ. निर्मल यादव द्वारा सृजित कृति 'कुण्डलिनी' चयनित हुई है। गौरतलब है कि बॉम्बे आर्ट सोसायटी पुरस्कार समारोह और प्रदर्शनी का उद्घाटन काला घोड़ा स्थित जहाँगीर आर्ट गैलरी, मुम्बई में महाराष्ट्र सरकार गवर्नर रमेश बैस ने किया। इसमें मुख्य अतिथि एमिनेंट एक्टर व आर्टिस्ट पद्मश्री मनोज जोशी भी उपस्थित रहे। बता दें, निर्मल यादव की उक्त चयनित कृति 'कुण्डलिनी ' स्पेस एब्स्ट्रैक्ट सीरीज का भाग है जिसमे चंचल और अस्थिर मन को अनंत ब्रह्मांड के रूप में दर्शाया है। यह प्रदर्शनी 4 मार्च तक जहाँगीर आर्ट गैलरी में प्रतिदिन सुबह 11 से सांय 7 बजे तक अवलोकनार्थ खुली रहेगी। **रिपोर्ट/फोटो : राकेश शर्मा 'राजदीप'**

# जैन सोशल ग्रुप कैपिटल द्वारा, फाग उत्सव मनाया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन सोशल ग्रुप कैपिटल द्वारा, फाग उत्सव संघ ब्रज की होली का शानदार आयोजन किया गया। ग्रुप के अध्यक्ष अनिल प्रेमा रावका ने बताया, की फाग उत्सव में ग्रुप के लगभग 100 मेंबर्स प्रातः काल 11:00 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंच कर कार्यक्रम का आनंद लिया। ग्रुप सचिव प्रमोद ने बताया कि सभी मेंबर्स फाग उत्सव की मस्ती में नाचने गाने की थिरकने से कोई भी सदस्य अपने आप को नहीं रोक पाया। 20 साल के जवान से लेकर 80 साल तक सभी ने उत्सव का आनंद लिया, वह शानदार खाने का आनंद लिया, शानदार हाऊजी का आयोजन किया गया वह, सभी को अपनी पुरानी याददाश्त जल्दी-जल्दी भाग कर फेरे लेने व अपनी पत्नी को माला पहनने का शानदार प्रोग्राम रखा गया जिसकी संयोजिका अनीता ने विनर को प्राइस डिस्ट्रीब्यूशन किया।



# खून को पतला करने वाले फूड, इनको खाने से नहीं होगा कभी हार्ट अटैक

**शाबाश इंडिया**

सेहतमंद रहने के लिए अक्सर लोग काफी जतन करते हैं, लेकिन बहुत कम लोग ऐसे होते हैं जो अपने खून को स्वस्थ रखने के लिए काम करते हैं। जी हां, शरीर के तमाम अंगों के साथ ही खून की सेहत का ध्यान रखना भी बहुत जरूरी है। खून का गाढ़ा होना या फिर इसमें थक्के जमना जानलेवा हो सकता है। गाढ़ा खून हार्ट अटैक, स्ट्रोक आदि के खतरों को बढ़ाता है। हालांकि खून को पतला और सेहतमंद रखना काफी आसान है। आप अपने खाद्य पदार्थों में खून को पतला करने वाले सुपर फूड्स शामिल कर सकते हैं। थक्कारोधी गुणों से भरपूर ये पदार्थ प्लेटलेट्स के एकत्रीकरण को रोककर रक्त में थक्के जमाने वाले कारकों के स्तर को कम करने में मदद करते हैं। आइए जानते हैं ऐसे खाद्य पदार्थों के विषय में जो आपके खून को प्राकृतिक रूप से पतला कर सकते हैं।

### 1. लहसुन

लहसुन सेहत के लिए बहुत लाभकारी है। इसमें ऐसे यौगिक होते हैं जो रक्त के थक्के बनने में शामिल प्रोटीन फाइब्रिनोजेन के उत्पादन को कम करते हैं। इससे रक्त पतला रहता है और उसमें थक्के नहीं जमते हैं।

### 2. अदरक

अदरक को आयुर्वेद में भी बहुत महत्वपूर्ण माना गया है। इसमें जिंजरोल्स नामक प्राकृतिक सूजनरोधी यौगिक होते हैं। जिंजरोल्स के कारण प्लेटलेट एकत्रीकरण कम होता है। जिससे रक्त पतला रहता है और स्वस्थ रक्त परिसंचरण को बनाए रखने में मदद मिलती है।

### 3. हल्दी

भारतीय रसोइयों का यह अहम मसाला कई रोगों की अचूक दवा है। हल्दी में करक्यूमिन नामक महत्वपूर्ण तत्व होता है। करक्यूमिन, एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर होता है। इससे रक्त में थक्के नहीं जमते हैं और शरीर में रक्त का प्रवाह भी अच्छा रहता है।

### 4. विटामिन सी से भरपूर फल

विटामिन सी हमारे शरीर के लिए बहुत लाभदायक होता है। ऐसे में संतरे, नींबू, अंगूर, कीवी जैसे खट्टे फलों का नियमित सेवन करना चाहिए। इन फलों में विटामिन सी के साथ ही बायो फ्लेवोनॉयड्स भी भरपूर मात्रा में होते हैं। ये दोनों ही शरीर की कोशिकाओं की दीवारों को मजबूत बनाते हैं, उनकी सूजन को दूर करते हैं। जिसकी मदद से खून में थक्के नहीं जम पाते और खून आसानी से शरीर में प्रवाहित होता है।

### 5. ग्रीन टी

ग्रीन टी में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं। इसमें मौजूद कैटेचिन नामक तत्व रक्त को पतला करके उसमें थक्के बनने से रोकता है। कैटेचिन रक्त के थक्के बनने में शामिल दो प्रमुख प्रोटीन फाइब्रिनोजेन और थ्रोम्बिन को बाधित करके काम करता है। फाइब्रिनोजेन एक रक्त प्रोटीन है जो थक्के बनाने में मदद करता है। वहीं थ्रोम्बिन एक एंजाइम है जो फाइब्रिनोजेन को फाइब्रिन में बदलता है। कैटेचिन फाइब्रिनोजेन और थ्रोम्बिन के उत्पादन को कम करके रक्त के थक्के बनने को रोकते हैं। साथ ही इसके नियमित सेवन से कोशिकाओं में रक्त का प्रवाह भी अच्छा होता है।



**डॉ पीयूष त्रिवेदी**
आयुर्वेदाचार्य
चिकित्साधिकारी राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय राजस्थान विधानसभा,जयपुर।

### 6. डार्क चॉकलेट

अगर आप अपने खून को पतला और स्वस्थ रखना चाहते हैं तो सीमित मात्रा में डार्क चॉकलेट का सेवन आपके लिए एक अच्छा विकल्प हो सकता है। डार्क चॉकलेट में फ्लेवोनॉयड्स नामक यौगिक होते हैं जो एंटीऑक्सीडेंट के रूप में कार्य करते हैं। फ्लेवोनॉयड्स रक्त के थक्के बनने की प्रक्रिया को धीमा करके रक्त को पतला करने में मदद करते हैं।

# मिश्री से मीठी बांता थारी...

## श्री सन्मति दिगंबर जैन विद्यापीठ संस्थान में धूमधाम के साथ मनाया गया वार्षिकोत्सव, कक्षा 10 के विद्यार्थियों को दी गई विदाई

**विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों ने दी एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां**

**मनोज गंगवाल. शाबाश इंडिया**

नावा सिटी। श्री सन्मति दिगम्बर जैन विद्यापीठ संस्थान मे कक्षा दस के बच्चो के लिए विदाई समारोह व वार्षिकोत्सव मनाया गया ।वरिष्ठ अध्यापक मोहन मिश्रा ने बताया कि इसमे दीप प्रज्वलन मुख्य अतिथि ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रहलाद राय, ब्लॉक कॉडिनेटर ( साक्षरता ) अशोक बोहरा , संस्थान के सचिव विजय कुमार जैन व प्रधानाध्यापक विजय सिंह ने किया। सरस्वती वन्दना के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमो की शानदार प्रस्तुति दी गई।जिसमे राधिका शर्मा ने गणेश वन्दना पर शानदार नृत्य प्रस्तुत किया ।सोनू कुमावत ने काली काली गाडी मे घूमा, ललिता कुमावत ने माथे साजे बोरलो, एलिना



एण्ड पूजा ने गोरी गौरी मरू रंग, शिफां एण्ड आफरीन ने रंग राजस्थान, सानिया खान ने चांद रुपाला, सलोनी कंवर ने मरू रंग , भावना टेलर ने चटक मटक आदि पर शानदार नृत्य किया ।इसी प्रकार अलवीरा ने घूमर पर, कोमल कुमावत ने सेम टेम सेम जगह,वीर एण्ड सूफियान ते कोका कोला तू, निहारिका सिंह व सलोनी कवर ने मरू रंग,विधि राणा ने इती सी हसी , कोमल एण्ड उर्मिला ने मैने पायल है छनकाई, मनीष कुमार ने मुकाबला मुकाबला, रितिका टांक ने चूडी चमके , तमन्ना ने मिश्री सू मीठी बांता थारी मन है प्रेम को झरनों सा, आईशा एण्ड पार्टी ने एवर ग्रीन, मोनिका कुमावत ने क्या बात है सानिया खान लोग दा लश्कारा , राकिब एण्ड डालचंद , रिंकू नायक ने लुक छुप ना जाओ जी, परी एण्ड सुहाना ने काला चश्मा , यशस्वी शर्मा ने डीजे पर मटकूंगी, आलिया एण्ड आलिया ने मखना मखना, परिधि कुमावत ने नैना रा लोभी पावणां कोमल कुमावत ने काल्यो कूद पड्यो , पूजा एण्ड कंचन नैना रा लोभी , ज्योति टेलर ने बन ठन चली , रीना कुमावत ने गज बन पानी न चाली गरिमा मलिन्दा ने रंग रंगीला म्हारा साहब जी पर शानदार नृत्य किया ।ललिता कुमावत, अलिशा खान, देवांशु टेलर, अलवीरा, विश्वजीत सुन्दरिया, एलिना ने शानदार कविता सुनाई । लक्ष्य एण्ड पार्टी ने शानदार लघु नाटिका प्रस्तुत की ।विविध प्रकार के गेम व प्रतियोगिताए भी आयोजित की गई । ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रहलाद राय ने बच्चो को कठोर परिश्रम करने को सफलता की सीढी बताया। उन्होंने कहा कि असफलता से हार नही माननी चाहिए।

# ईश्वर के जीवंत अवतार थे आचार्य विद्यासागर महाराज जी कण कण व जन जन के उपकारक को श्रद्धांजलि अर्पित की

**फरीदाबाद. शाबाश इंडिया**

युग शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी को जैन इंजिनियर्स सोसाइटी, वर्धमान महावीर सोसाइटी व सकल जैन समाज द्वारा आयोजित विन्याजलि सभा में सभी संस्थाओं व सभी धर्म के प्रतिनिधिओ ने कहा कि पूज्य आचार्य श्री जन जन व कण कण के उपकारक व धरा पर ईश्वर के जीवंत अवतार थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ आचार्य श्री जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर डॉ सुभाष जैन, संरक्षक व संस्थापक अध्यक्ष ने किया। जेस फरीदाबाद के अध्यक्ष इंजिनियर अरुण जैन ने उनके जीवन के स्वर्णिम प्रष्ठों पर बोलते हुए उनके पशुसेवा, हथकरधा, चलचरखा, श्रमदान सेवा प्रकल्पओं की जानकारी दी। जिनसे लाखों गोवंश को संरक्षण व जेल के कैदियों, वनवासी भाई बहिनों को नया जीवन व अच्छी आय उपलब्ध हो रही है, आचार्य श्री जी संग उन्होंने अंतरग पलों की चर्चा की जो उनके जीवन की अमूल्य निधि बने हैं। श्रीमती नंदा जैन ने आचार्य श्री जी की कठोर जीवन व तपचर्या, प्रतिभास्थली, पूणायु, भाग्योदय व शांतिधारा परियोजनाओ के विषय में बताया जिनसे बेटियों को



श्रेष्ठ शिक्षा व संस्कार व जन जन को श्रेष्ठ आरयुवैदिक औषधि के साथ उपचार व श्रेष्ठ वैद्य मिल रहे हैं। जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष पी. सी. जैन, पूर्व मंत्री एल. सी. जैन ने गुरुदेव के साहित्य, विशाल जैन मंदिर व श्रेष्ठ 500 से अधिक बाल ब्रह्मचारी साधकों के विषय में बताया जो आज सारे विश्व को अहिंसा, सेवा, साधना, करुणा का दिव्य सन्देश दे रहे हैं। डॉ सुभाष जैन, एलायेंस क्लब के के. जी. अग्रवाल, डॉ हेमंत अत्रि, आर. एस. एस से कुलदीप सैनी, विश्व हिन्दू परिषद से कृष्ण सिंघल, आई. एम. टी. से, बी. जे. पी., लक्ष्मी नारायण मंदिर, सेक्टर 16,17 सीनियर सिटीजन संघ व मार्किट एसोसिएशन के सदस्यो ने भी अपनी अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि पूज्य आचार्य श्री जी को अर्पित की। वक्ताओं ने बताया कि आचार्य श्री जी के माता, पिताजी, सभी भाई व बहिनों ने जैन संत बनकर एक अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया. आचार्य श्री जी के भोजन में नमक, चीनी, फल, सब्जी, दही, तेल, मावे, दूध भी नहीं थे. वस्त्र, आश्रम, धन के त्यागी गुरूजी ने साधना के 56 वर्षों ने एक लाख किलोमीटर से अधिक पदयात्रा की. अमरकंटक में बर्फीली सर्दी में भी वे बिना चटाई के लकड़ी के तखते पर मात्र 4 घंटे ही शयन करते थे। देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, शिक्षाविद उनसे मार्गदर्शन लेते थे. इंडिया नहीं भारत बोलो उन्हीं का उदघोष था। अंत में दो मिनिट मौन धारण कर नमोकार महामंत्र के जाप के साथ सभा सम्पन्न हुयी।

## हीरा पथ जैन मंदिर मानसरोवर में मोक्ष कल्याणक मनाया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर प्रबंध कार्यकारणी श्री दिगंबर जैन मंदिर समिति ट्रस्ट हीरा पथ मानसरोवर जयपुर के सानिध्य में भगवान पदम प्रभु मोक्ष कल्याणक महोत्सव में बड़े ही भक्ति भाव से निर्वाण लाडू चढ़ाने का पुण्यार्जन संजय कुमार ऋषभ लुहड़िया परिवार ने प्राप्त किया। देवेंद्र छाबड़ा ट्रस्टी ने बताया कि इस मांगलिक अवसर पर समाज के शांति कुमार, पंकज, नरेश, विनोद, सुरेश एवम अन्य श्रेष्ठिगण उपस्थित रहे।

## श्री पदम प्रभु भगवान का मोक्ष निर्वाण लड्डू चढ़ाया गया

**प्रकाश पाटनी. शाबाश इंडिया**

भीलवाड़ा। बापू नगर स्थित श्री पदम प्रभु दिगंबर जैन मंदिर में बड़े बाबा मूल नायक श्री पदम प्रभु भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव बड़े उत्साह पूर्वक मनाया गया। प्रातः श्रावकों द्वारा बड़ेबाबा मूलनायक श्री पदम प्रभु भगवान सहित सभी प्रतिमाओं पर बारी-बारी से अभिषेक किए । राजेश भंडारी परिवार की ओर से विजय सोनी ने श्री पदम प्रभु भगवान पर, राजेंद्र सोगानी ने श्री आदिनाथ भगवान, पूनम चंद सेठी ने श्री मुनिसुव्रतनाथ भगवान पर



शांतिधारा की। श्री शांतिनाथ भगवान एवं श्री पार्श्वनाथ भगवान पर भी शांतिधारा की गई। इस उपरांत निर्वाणकांड पाठ द्वारा श्री पदम प्रभु भगवान का निर्वाण लाडू बड़े भक्ति- भाव से सामूहिक रूप से चढ़ाया गया। जयकारों से वातावरण गूंज उठा।


आरणीय श्री कमल चंद -श्रीमती तारा देवी छाबड़ा




की वैवाहिक वर्षगांठ पर

हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

Happy Anniversary

शुभेच्छु

समस्त परिवारजन एवं मित्रगण

# जैन मंदिर दुर्गापुरा में निर्वाण लड्डू चढ़ाया




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री दिगंबर जैन मंदिर चन्द्रप्रभजी दुर्गापुरा में दिनांक 28.02.2024 बुधवार को भगवान पदम प्रभु जी के मोक्ष कल्याण के पावन दिवस पर भक्ति भाव से पूजा अर्चना की। मंत्री राजेंद्र काला ने बताया कि इस अवसर पर निर्वाण कांड का वाचन कर श्रद्धालुओं ने निर्वाण लाडू चढ़ाया।

# जनकपुरी में मनाया गया भगवान पद्म प्रभु का मोक्ष कल्याणक

## श्री पद्मप्रभ जिनराज जी, मोहे राखो हो शरना



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जनकपुरी ज्योतिनगर जैन मन्दिर में बुधवार को जैन धर्म के छठे तीर्थंकर भगवान श्री 1008 पद्म प्रभु का निर्वाण महोत्सव भक्ति भाव के साथ मनाया गया। मन्दिर समिति के अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि भगवान पद्मप्रभु का जन्म कोशाम्बी नगरी में हुआ तथा निर्वाण मोहन कूट सम्मेद शिखर पर्वत पर हुआ था। इनका चिन्ह कमल का पुष्प है। मन्दिर में अभिषेक वृहत शान्तिधारा व पूजन के बाद निर्वाण काण्ड का वाचन किया गया तथा इसके बाद भगवान पद्म प्रभु के मोक्ष कल्याण का अर्घ -फागुन- वदी- चतुर्थी को, मोक्ष गये भगवान। इन्द्र आय पूजा करी, मैं पूजौं धर ध्यान।। मोहे राखो हो शरना श्री पद्मप्रभ जिनराज जी ! मोहे राखो हो शरना - बोलते हुए जयकारो के साथ निर्वाण लाडु मय श्रीफल व दीपक के उपस्थित श्रावकों द्वारा पहले वेदी में तथा बाद में शिखर में खड्गासन प्रतीमां पर चढ़ाया गया।

# मानसरोवर में भगवान पदम प्रभु जी के मोक्ष कल्याणक पर निर्वाण लाडू चढ़ाया

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री दिगंबर जैन मंदिर वरुण पथ मानसरोवर जयपुर में श्री दिगंबर जैन समाज समिति वरुण पथ मानसरोवर द्वारा श्री श्री 1008 भगवान पदमप्रभु जी के मोक्ष कल्याण के पावन अवसर पर निर्माण लाडू अर्पित किया गया। इस अवसर पर तीनों वेदीयो पर विराजमान भगवान के अभिषेक एवं शांति धारा करने का सौभाग्य विनेश सोगानी, राकेश चांदवाड़, कैलाश सेठी, सुनील गंगवाल, जे के जैन, पंकज जैन को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर पूर्ण विधि विधान एवं मंत्रोचार से निर्वाण लाडू अर्पित किया गया।



निर्वाण लाडू के पुण्यार्जक समाजसेवी बसंती देवी अजय जैन मोजमाबाद, कैलाश आशा सेठी, विनेश प्रीति सोगानी, सुनील सुनीता गोधा, सुधीर अंजलि बोहरा, सुनील अनीता गंगवाल, राजेंद्र सुनीता कासलीवाल ,अक्षय आशा गोधा ,चंदा देवी महेंद्र कासलीवाल रहे। कार्यक्रम में कैलाश सेठी,विनेश सोगानी, हेमेंद्र सेठी, राकेश चांदवाड, विनोद छाबड़ा अरविंद गंगवाल, सुनील गोधा, अरूण जैन, संतोष कासलीवाल, सुधीर जैन जेडीए, पूनम चंद आंधीका, जैनेंद्र पाटनी, राकेश सुनील गंगवाल, जे के जैन, मनीष जैन संतोष अलका कासलीवाल सहित अनेकों साधर्मी बंधु उपस्थित रहे।

# ऐलनाबाद राजकीय महाविद्यालय में डांस तथा म्यूजिक क्लब गठित



**रमेश भार्गव. शाबाश इंडिया**

ऐलनाबाद। स्थानीय राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डा. भूषण मोंगा की अध्यक्षता तथा डांस क्लब व म्यूजिक क्लब की इंचार्ज डा. अमनप्रीत कौर के सयोंजन में डांस क्लब तथा म्यूजिक क्लब का गठन किया गया। महाविद्यालय के जन संपर्क अधिकारी डा. जोगिंद्र सिंह ने बताया कि डांस क्लब में कमलजीत को प्रेज़िडेंट, राहुल को वाइज प्रेज़िडेंट, पूनम को सेक्रेटरी, तथा युवराज को पब्लिक रिलेशन के लिए चुना गया। म्यूजिक क्लब में सुमित को प्रेज़िडेंट, संजय दान को वाइज प्रेज़िडेंट, ममता को सेक्रेटरी, रुदरप्रताप को पब्लिक रिलेशन के लिए चुना गया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य महोदय तथा सभी स्टाफ सदस्यों ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाए दी। इसके इलावा महाविद्यालय में स्थापित प्लेसमेंट सेल में कालेज के पूर्व सेवानिवृत्त एसोसिएट प्रोफेसर डा. शीशपाल हरडू के द्वारा ''ऑर्गेनिक फार्मिंग'' विषय पर विस्तार व्याख्यान पेश किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जैविक खेती एक ऐसी पद्धति है, जिसमें रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों तथा खरपतवारनाशियों के स्थान पर जीवांश खाद पोषक तत्वों (गोबर की खाद कम्पोस्ट, हरी खाद, जीवणु कल्चर, जैविक खाद आदि) जैव नाशियों (बायो-पैस्टीसाईड) व बायो एजैन्ट जैसे काईसोपा आदि का उपयोग किया जाता है, जिससे न केवल भूमि की उर्वरा शक्ति लम्बे समय तक बनी रहती है।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# कामां की धरा भक्ति भाव से भरी हुई है जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण दिखाई देता है: आचार्य सुनील सागर महाराज





## पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य हुआ शुभारंभ हजारों की संख्या में श्रद्धालु रहे उपस्थित

**कामा. शाबाश इंडिया**

व्यापारी अपने प्रतिष्ठान पर लाभ के साथ शुभ लिखते हैं और यदि वही लाभ शुभ कार्यों में खर्च किया जाएं तो वह शुभ पुण्य में परिवर्तित हो जाता है। कामां की धरा पर बड़ी ही भक्ति भाव से भरे लोग है आज सर्व समाज ने जो आगवानी की है वह अभूतपूर्व है उक्त उद्गार जैनाचार्य सुनील सागर महाराज ने कामां में मंगल प्रवेश पर कोसी बाईपास चौराहे पर व्यापारियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। पंचकल्याण प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के महामंत्री संजय जैन बड़जात्या ने बताया कि आचार्य सुनील सागर महाराज ससंघ के कामां में मंगल प्रवेश पर संपूर्ण कामां उनके स्वागत में पलक पावड़े बिछाकर उमड़ पड़ा तो अभिनंदन करने की होड़ सी लग गयी। अख्खड़ वाड़ी तिराहे पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा वृहद पुष्प वर्षा की गई तो आदर्श विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं ने दिव्य घोष के साथ सैकड़ो कार्यकताओं ने नगर में प्रवेश कराया इस अवसर पर आचार्य ने कहा कि भगवान महावीर के 2550 में निर्वाण वर्ष में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने वर्ष पर्यंत कार्यक्रम आयोजन करने का निर्णय लिया है इस श्रृंखला में कामां में पहला आयोजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा ने किया है। अपना घर सेवा समिति, जायंट्स ग्रुप आफ कॉमवन, जायन्ट्स ग्रुप महिला ज्योति, यथार्थ सेवा समिति, वह अन्य समाज सेवा समितियों सहित व्यापारियों ने अचार्य संघ व रथ की आरती उतार कर भावभीनी आगवानी की। **पैराशूट से हुई पुष्प वर्षा:** कामां नगर में प्रथम बार पंचकल्याणक रथ यात्रा पर पैराशूट से पुष्प वर्षा की गई तो लोगों ने कोतूहल से देखा। आसमान से बरसते पुष्पों को देखकर लोग रोमांचित हो उठे। जन्म कल्याणक पर 1 मार्च को हेलीकॉप्टर से भी पुष्प वर्षा होगी। **मानव श्रृंखला का हुआ निर्माण:** जैसे ही आचार्य सुनील सागर संघ कामा के कोसी बाईपास चौराहे पहुंचा तो आदर्श विद्या मंदिर ,सेंट्रल पब्लिक स्कूल , सरस्वती छात्रावास, ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर, पुष्प वर्षा कर अचार्य संघ का स्वागत किया। रामशरण गुर्जर,रामबाबू यादव,मुरारी लाल गोयल सहित अन्य समाजों ने भी पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया तो जैन समाज का स्वागत किया गया।

**भव्य रथ यात्रा में भगवान का हुआ विहार:** भव्य पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ रथ यात्रा व घट यात्रा के साथ हुआ तो भगवान का नगर विहार सौधम ईंद्र बने



रिंकेश जैन बड़जात्या, कुबेर इंद्र वैभव जैन,ईशान इंद्र दीपक जैन,माहेन्द्र इंद्र रवि जैन बड़जात्या, सानत इंद्र मुकेश जैन ने करवाया।

**तिजारा से आया स्वर्ण रथ :-** निकला गया रथ देहरा तिजारा से आया तो स्वर्ण रथ देखकर लोग हर्षित हो गए खजांची के रूप में अजीत जैन बड़जात्या,तो खवासी धन कुमार जैन कोटा बने इस अवसर पर माता-पिता वीर चंद उषा जैन बड़जात्या, महायज्ञनायक पारस जैन मीरा जैन बडजात्या जयपुर बग्गी में विराजमान होकर चले। तो डीग, जेवर, उदयपुर के बैंडो कि धुन पर युवा वर्ग थिरकने लगा। वातावरण जैन धर्म के जयकारों से गुंजायमान हो गया।

**ध्वजारोहण से हुआ शुभारम्भ:-** पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ ज्ञानचंद राकेश कुमार अशोक कुमार जैन फिरोजपुर वालों ने ध्वजारोहण के साथ किया तो वही पंडाल उद्घाटन सुभाष चंद्र विनोद कुमार सचिन जैन दीपक जैन बिजली वाले परिवार द्वारा किया गया। धर्म ध्वजा लेकर शिखर चन्द संजय मनोज नीरज जैन बड़जात्या परिवार रथ यात्रा का संचालन कर रहे थे। इस अवसर पर पाद प्रक्षालन राजेंद्र जैन गीता जैन बल्लभगढ़ के द्वारा किया गया तो वहीं भोजन वात्सल्य महावीर प्रसाद पंकज जैन सचिन जैन साड़ी वाले परिवार रहे।



इस अवसर पर बड़ी संख्या में जैन व अन्य समाजों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कल होगा उत्तर गर्भकल्याण तो रात्रि को जादूगर विल्सन का शो आयोजित होगा।



# फाल्गुन बदी सुचोथ को, मोक्ष गये भगवान

**भक्ति भाव से मनाया जैन धर्म के छठें तीर्थंकर भगवान पदमप्रभू का मोक्ष कल्याणक, दिगम्बर जैन मंदिरों में चढ़ाया निर्वाण लाडू**

## पदमपुरा में आचार्य विवेक सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में चढ़ाया निर्वाण लाडू

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन धर्म के छठे तीर्थंकर भगवान पदमप्रभू का मोक्ष कल्याणक दिवस बुधवार 28 फरवरी को भक्ति भाव से मनाया गया।इस मौके पर मोक्ष का प्रतीक निर्वाण लाडू चढाया गया। अभादिजैन परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद जैन 'कोटखावदा' ने बताया कि प्रातः पदमप्रभू भगवान के अभिषेक, शांतिधारा के बाद पूजा अर्चना की गई ।पूजा के दौरान निर्वाण काण्ड भाषा बोलकर मोक्ष कल्याणक श्लोक " फाल्गुन बदी सुचोथ को, मोक्ष गये भगवान। इन्द्र आय पूजा करी, मै पूजों धर ध्यान।। श्री पद्मप्रभ जिनराय जी, मोहे राखो हो शरना" का उच्चारण करते हुए मोक्ष का प्रतीक निर्वाण लाडू चढाया गया ।आरती के बाद समापन हुआ। जैन के मुताबिक श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र पदमपुरा (बाड़ा) में आचार्य विवेक सागर ससंघ सान्निध्य में अध्यक्ष सुधीर जैन व मंत्री हेमन्त सोगाणी के नेतृत्व में प्रातः मूल नायक पद्मप्रभ भगवान की प्रतिमा के विशेष अभिषेक के बाद निर्वाण लाडू चढाया गया ।प्रातः 10.15 बजे से जयकारों के बीच विशाल खड्गासन प्रतिमा के अति भव्य पंचामृत महामस्तकाभिषेक किये गये।इस मौके पर मंदिर समिति के संरक्षक ज्ञान चन्द झांझरी, उपाध्यक्ष सुरेन्द्र पाण्डया, कोषाध्यक्ष राज कुमार कोठ्यारी, संयुक्त मंत्री जे एम जैन, सुरेश काला,जी सी सोगानी, राकेश जैन, चौथ मल जैन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण शामिल हुए। श्री 1008 पद्मप्रभ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र नेवटा में मूलनायक श्री 1008 पद्मप्रभ भगवान के स्वर्ण कलश अभिषेक, शांतिधारा के पश्चात प्रातः 8:30 बजे निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। जैन के मुताबिक आगरा रोड स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चूलगिरी, लालजी सांड का रास्ता स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर पहाड़ियान , तारों की कूंट पर सूर्य नगर के श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर,सेठी कालोनी मंदिर, सांगानेर संघीजी मंदिर सहित शहर के अन्य मंदिरों में भगवान पद्मप्रभु के मोक्ष कल्याणक दिवस पर विशेष आयोजन किये जाकर मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया गया।







फोटो सतीश ' अकेला '

# अन्तर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज प्रवचन 29 फरवरी से...



**सही दिशा और सही समय का ज्ञान ना हो...**
**तो उगता हुआ सूरज भी डूबता हुआ दिखता है...!**

आजकल साधु सन्त, पण्डित, विद्वान ने शास्त्र, पुराण, वेद, उपनिषद, न्याय जैसे ग्रन्थों को खूब पढ़ा, पर अपने आपको नहीं पढ़ पाये, तो ऐसा ही है जैसे गधे के ऊपर मिश्री का भार रखा हो। शास्त्रों को केवल दूसरों को सुधारने के लिये नहीं, बल्कि स्वयं की बुराई, कमियों को दूर करने के लिये भी पढ़ना चाहिए।

**दूसरों को आईना दिखाने के पहले,**
**स्वयं आईना में अपना चेहरा देखें...!**

शास्त्रों को केवल तोतो की तरह रटना नहीं, बल्कि तीर्थंकरों की तरह चखना भी है। मैं यह नहीं कहता कि शास्त्र, स्वाध्याय मत करो। अरे बाबू! स्वाध्याय तो फिटकरी है। जैसे अस्वच्छ और मटमैले जल में फिटकरी डालने से जल स्वच्छ हो जाता है। उसी प्रकार स्वाध्याय भी हमारे जीवन के राग, द्वेष, विकार, मान, अहंकार भाव के मैल को दबा देते हैं। ग्रन्थों में लिखा है-स्वाध्यायः परम तपः, स्वाध्याय तो परम तप है। स्वाध्याय परम धन है, उनके लिये जो स्वयं की कमियाँ दूर करना चाहते हैं। स्वाध्याय का अर्थ है-स्वयं अपने लोटे का पानी छानकर पीओ...!

**-नरेंद्र अजमेरा पियुष कासलीवाल औरंगाबाद**

# तीर्थंकर ग्रुप के चुनाव संपन्न





जयपुर. शाबाश इंडिया। दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप तीर्थंकर के 2024 के चुनाव हुये। सर्वसम्मती से ग्रुप के सभी सदस्यों ने अध्यक्ष पद पर पुनः 10वीं बार अन्तरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त वरिष्ठ होम्योपैथ डां.एम.एल जैनः मणि को बनाया। बाद में अध्यक्ष डां मणि ने सचिव पद पर सुरेश गंगवाल को मनोनीत किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश चन्द अजमेरा व के सी बज , उपाध्यक्ष प्रेमचन्द गंगवाल, संगठन मंत्री डां मनीष जैन 'मणि',व्यवस्था मंत्री के सी जैन,खाद्य मंत्री महेन्द्र कुमार सेठी,प्रचार मंत्री ऐन के सेठी, यात्रा मंत्री अनिल जैन शाह ,संयुक्त मंत्री श्रीमती बीना जैन,धार्मिक मंत्री नवरतन ठोलिया व श्रीमति निर्मला सेठी,सांस्कृतिक मंत्री शशि प्रभा जैन,मनोरंजन मंत्री श्रीमती कमलेश पाटनी,महिला मंत्री श्रीमति कान्ता मालपुरा,ग्रुप संयोजिका एवं स्वास्थ्य मंत्री डां शान्ति जैन ''मणि'' को बनाया गया है । निदेशकगणः श्रीमति आशा चौधरी,आभा गंगवाल, स्नेहलता जैन,वीणा जैन,मंजू छाबडा,कान्ता गंगवाल, डां अलका जैन,मैना पाटनी,पुष्पा मालपुरा, व शशि जैन होंगे।

# सकल जैन समाज, मारवाड़ी महासभा व सकल हिंदू जनजागरण समिति ने दी श्रद्धांजलि



## आचार्य विद्यासागर महाराज को भारतरत्न देने की मांग, देशभर में किया गया अभिवादन

**छत्रपति संभाजीनगर. शाबाश इंडिया**

दिवंगत आचार्य विद्यासागर महाराज, श्वेतांबर समाधिस्त संत गच्छाधिपति दौलतराम सागर महाराज को 25 फरवरी को एक ही समय पर समूचे देशभर में विभिन्न समाजों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान दिवंगत आचार्य विद्यासागर महाराज को भारतरत्न पुरस्कार देने की मांग भी की गई। सकल जैन समाज, मारवाड़ी महासभा व सकल हिंदू जनजागरण समिति की ओर से शहर स्थित चंद्रसागर धर्मशाला में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिक और महिलाएं उपस्थित थे। चार घंटे चली श्रद्धांजलि सभा में दिवंगत आचार्य विद्यासागर महाराज की प्रतिमा पर अर्घ्य समर्पित कर व पुष्प अर्पित कर कार्यों पर रोशनी डाली गई। सरस्वती भुवन शाला के नाट्य विभाग प्रमुख नाद विधान कार्यक्रम के समन्वयक संजय मोहड़, मेधा लखपति और समूह की ओर से आचार्य श्री पर आधारित एक भावांजलि पर गीत पेश किया गया । आचार्य श्री के जीवन पर एक लघुपट भी पेश किया गया । विद्यार्थिनी आचार्य श्री की प्रतिमा की प्रदर्शनी साकार की ।कार्यक्रम की प्रस्तावना महावीर पाटनी ने रखी। मूर्तिपूजक संघ के संजय संचेती, माहेश्वरी सभा के जिलाध्यक्ष सतीश लड्डा, मनीषा भंसाली, रूपाली राकां, दिशा जैन, रिया गंगवाल, अग्रवाल सभा अध्यक्ष कुंजबिहारी अग्रवाल, गीतकार आशीष बोथरा, कथक ओडीसी नृत्यांगना कन्नगी जैन, विश्व हिंदू परिषद के राजीव जहागीरदार, औरंगाबाद फर्स्ट के हेमंत लांडगे, बजाज नगर जैन समाज के नितिन जैन, मंगला बाकलीवाल, आर्य समाज के दयाराम बसैये, मनोज कासलीवाल आदि मौजूद रहे।

## जात-पात भूलकर कार्यक्रम में की शिरकत

इस अवसर पर सकल मारवाड़ी महासभा के डॉ. पुरुषोत्तम दरख, सकल जैन समाज के अध्यक्ष राजेंद्र दर्डा, न्यायमूर्ति कैलाशचंद्र चांदीवाल, मुस्लिम धर्मगुरु मौलाना हाफिज अंसारी, बंजारा समाज प्रमुख हरिश्चंद्र राठौड़, वारकरी संप्रदाय प्रमुख नवनाथ महाराज आंधले, सिख समुदाय के शरदजीतसिंह, अजीतसिंह शिलेदार, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के देव पटेल, बाल ब्रह्मचारी सुबोध भैया, व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष संजय कांकरिया, संस्थान गणपति ट्रस्ट के प्रफुल मालानी, खंडेलवाल दिगंबर जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष डीबी कासलीवाल, प्रकाश कोटेचा, तेरा पंथ धर्म सभा के मदनलाल आछा, सैतवाल जैन समाज के जगदीश साहूजी ।

# स्नातकोत्तर उत्तरार्द्ध की छात्राओं का विदाई समारोह ''गोल्डन मोमेन्ट्स'' का आयोजन




अमित गोधा. शाबाश इंडिया

**ब्यावर।** श्री वर्द्धमान कन्या पी. जी. महाविद्यालय में तृतीय वर्ष तथा स्नातकोत्तर उत्तरार्द्ध की छात्राओं का विदाई समारोह ''गोल्डन मोमेन्ट्स'' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आगाज संचालिका श्रीमती निधी पंवार ने इन पंक्तियों के साथ किया ''विदाई तो है दस्तूर जमाने का पुराना, पर जहां भी जाना अपनी छाप कुछ ऐसे छोड़ जाना कि हर कोई गुनगुनाए तुम्हारा ही तराना'' कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुई । इसके पश्चात सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर. सी. लोढ़ा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि छात्राएँ ही महाविद्यालय की अमूल्य सम्पति है । उनके होने से




ही महाविद्यालय को अस्तित्व प्राप्त होता है । आप सभी ने सदैव कठोर परिश्रम से इस महाविद्यालय का, अपने गुरूजन व माता-पिता का नाम रोशन किया है और मुझे उम्मीद है कि आप सभी आगे भी इसी तरह करेंगीं । मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख ने इस अवसर पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि हम ईश्वर से आपके अज्जवल भविष्य उत्तम स्वास्थ्य, समृद्धि और खुशहाल जीवन की कामना करते हैं। उन्होनें छात्राओं से कहा कि करियर के साथ सामाजिक दायित्वों का भी निर्वहन करें। कार्यक्रम में छात्राओं ने बॉलीवुड गीतों पर प्रस्तुतियां दीं साथ ही रैम्प वॉक कर अपने टैलेंट को दर्शाया। इसके बाद परिचय और प्रश्नोत्तरी राउंड से आस्था बंसल को मिस वर्द्धमान चुना, फर्स्ट रनर अप महक परिहार तथा सैकंड रनर अप कनिका अग्रवाल रहीं । कार्यक्रम में निर्णायकों की भूमिका डॉ. दीपाली लाल, श्रीमती अजयरानी माहेश्वरी एवं श्रीमती कमलेश बंट ने निभाई । अकादमिक प्रभारी डॉ. नीलम लोढ़ा ने विजेता छात्राओं को ताज पहनाकर उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी । इसके बाद छात्राओं ने ढोल पर तथा फिल्मी गीतों पर फ्री स्टाइल डांस किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी व्याख्याताओं ने भी छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम संयोजिका श्रीमती प्रीति शर्मा ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया । सह संचालन सिमरन आसवानी ने किया ।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के आयोजन की धूम




भानगढ़. शाबाश इंडिया

शिक्षा विभाग एवं भारती फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जियाबेरी और राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भानगढ़ में आयोजन की धूम मच गई । जिसमें करीब 83 विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, राष्ट्रीय विज्ञान दिवस में सभी विद्यार्थियों ने विज्ञान विषय से जुड़ी जानकारियों पर पोस्टर एवं मॉडल बनाकर उनका डिस्प्ले किया, इसके साथ-साथ रसायन एवं भौतिक विज्ञान से जुड़े प्रयोग को भी कक्षा 6 से कक्षा 9 के लिए विद्यार्थियों प्रदर्शनी के माध्यम से दर्शाया गया। एकेडमिक मेंटर पुनीत भटनागर ने बताया कि प्रदर्शनी के अंतर्गत विद्यार्थियों को उनके जीवन कौशल में काम आने वाली कई महत्वपूर्ण जानकारियां जो विज्ञान विषय से जुड़ी हुई है, उन सभी से अवगत कराया गया। विज्ञान विषय स्वयं से विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता को विकसित करने में बहुत एक सफल विषय है, जिसकी महत्वता विद्यार्थियों को अपने जीवन में आने वाली दैनिक गतिविधियों में ज्यादा महत्वपूर्ण साबित होती है।

# रक्तदान के लिए किया रेल कर्मचारियों से संपर्क

## 1 मार्च को होगा रक्तदान शिविर का आयोजन

**गंगापुर सिटी. शाबाश इंडिया।** वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन द्वारा 1 मार्च को ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के पूर्व महामंत्री स्वर्गीय उमराव मल पुरोहित की स्मृति मे रेलवे अस्पताल में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आज वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन के पदाधिकारीओ ने रेलवे के संकेत पी डब्लू आई साउथ व नार्थ, आई आई ओ डब्ल्यू ,रेलवे पावर हाउस, कैरिज डिपो ,रेलवे स्टेशन पर एवं लॉबी में, टेलिकॉम विभाग में स्वास्थ्य विभाग में जाकर रेल कर्मचारियों से रक्तदान करने का आह्वान किया। मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र जैन लोको शाखा के सचिव राजेश चाहर सहायक मंडल मंत्री प्रकाश शर्मा राजू लाल गुर्जर रक्तदान शिविर के संयोजक हरी प्रसाद मीणा यातायात शाखा के अध्यक्ष शशि शर्मा गजानंद शर्मा सुधींद्र मिल्की हरकेश मीना वीरेंद्र मीणा आर के मीणा इमरान हरिमोहन मीना सहित दर्जनों कार्यकताओं ने रेल कर्मचारियों से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने की अपील की। इस अवसर पर




शिविर संयोजक हरिप्रसाद मीणा एवं मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र जैन ने बताया कि इस शिविर में संग्रहित रक्त स्थानीय रिया ब्लड बैंक में जरूरतमंद के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहेगा। रक्तदान करने वाले सभी रक्त वीरों के लिए बहुत ही सुंदर उपहार एवं सम्मान पत्र दिया जाएगा। रक्तदान 1 मार्च को प्रातः 8:00 बजे प्रारंभ होगा । इस अवसर पर उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि यूनियन के महामंत्री मुकेश गालव,जोनल कोषाध्यक्ष इरशाद खान रहेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सहायक मंडल इंजीनियर अनिल जैन रेलवे चिकित्सालय प्रभारी डॉक्टर सतवीर सिंह डूडी यूनियन के मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र जैन सहायक मंडल मंत्री शर्मा राजू लाल गुर्जर शामिल होंगे। इस रक्तदान शिविर में शहर के सामाजिक संगठन को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है।

# जवाहर नगर दादावाड़ी का 34वां वार्षिक महोत्सव मनाया गया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री जैन श्वेतांबर संघ, लाल जैन मंदिर जवाहर नगर दादावाड़ी का 34 वा वार्षिक महोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। संघ के मंदिर व्यवस्थापक दीपक संघवी ने बताया कि सन 1990 में वर्तमान गच्छाधिपती आचार्य श्री मणिप्रभ सूरीश्वर जी महाराज साहब द्वारा भगवान और गुरुदेव की प्रतिष्ठा करवाई गई थी। उसके पश्चात हर साल दादागुरुदेव के शिखर पर ध्वजा आरोहित की जाती है । इस साल कीर्ति कुमार नितिन आर्यन दुगड़ परिवार को संघ ने यह लाभ दिया साथ ही अठारह अभिषेक सभी प्रतिमाओं का उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। इस ध्वजा के कार्यक्रम में परम पूज्य मणिप्रभा श्री जी महाराज की सुशियाओ की निश्रा संघ को मिली



# रिलायंस और डिज्नी ने भारत में सबसे आकर्षक मनोरंजन ब्रांडों को एक साथ लाने के लिए रणनीतिक संयुक्त उद्यम की घोषणा की

## मनोरंजन और खेल में विश्व स्तरीय लीडर बनाने के लिए कंपनियां भारत में संबंधित डिजिटल स्ट्रीमिंग और टेलीविजन संपत्तियों का विलय करेंगे। ज्वाइंट वेंचर में रिलायंस करेगी 11,500 करोड़ का निवेश डिज्नी संयुक्त उद्यम को सामग्री लाइसेंस प्रदान करेगा...

**मुंबई/ बरबैंक, कैलिफ।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (''आरआईएल''), वायाकॉम 18 मीडिया प्राइवेट लिमिटेड (''वायाकॉम18'') और द वॉल्ट डिजनी कंपनी (एनवाईएसई : डीआईएस) (''डिजनी'') ने आज हस्ताक्षर करने की घोषणा की। एक संयुक्त उद्यम (''जेवी'') बनाने के लिए निश्चित समझौतों को बाध्य करना जो वायाकॉम 18 और स्टार इंडिया के व्यवसायों को मिलाएगा। लेन-देन के हिस्से के रूप में, वायाकॉम 18 के मीडिया उपक्रम को अदालत द्वारा अनुमोदित व्यवस्था योजना के माध्यम से स्टार इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (''एसआईपीएल'') में विलय कर दिया जाएगा। इसके अलावा, आरआईएल ने अपनी विकास रणनीति के लिए संयुक्त उद्यम में 11,500 करोड़ रुपए का निवेश करने पर सहमति व्यक्त की है। लेन-देन में सहक्रियाओं को छोड़कर, पोस्ट-मनी आधार पर संयुक्त उद्यम का मूल्य 70,352 करोड़ रुपए है। उपरोक्त चरणों के पूरा होने के बाद, संयुक्त उद्यम को आरआईएल द्वारा नियंत्रित किया जाएगा और आरआईएल के पास 16.34%, वायाकॉम 18 के पास 46.82 % और डिज्नी के पास 36.84 % स्वामित्व होगा। विनियामक और तृतीय-पक्ष अनुमोदन के अधीन, डिजनी संयुक्त उद्यम में कुछ अतिरिक्त मीडिया परिसंपत्तियों का भी योगदान कर सकता है। श्रीमती नीता एम. अंबानी संयुक्त उद्यम की अध्यक्ष होंगी, जबकि श्री उदय शंकर उपाध्यक्ष होंगे, जो संयुक्त उद्यम को रणनीतिक मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।




# गोशाला में चारा वितरण किया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** सामाजिक कार्यों की शृंखला में जैन सोशल ग्रुप नॉर्थ के द्वारा ग्रुप अध्यक्ष राहुल रश्मि जैन वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर दिनांक 28 फरवरी दुर्गापुरा गौशाला में गायो को चारा वितरित किया गया। कार्यक्रम में मनीष झंझरी संस्थापक अध्यक्ष, अभय गंगवाल पूर्व अध्यक्ष, सुनील सोगानी उपाध्यक्ष ,अनिल गदिया संयुक्त सचिव, महेंद्र जैन, अंजना गंगवाल, रेखा जैन, सुरेश, उषा एवं छाबड़ा परिवार के कई सदस्य गण उपस्थित थे।

# विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

नसीराबाद। स्थानीय मिशन कम्पाउण्ड स्थित सेंट जॉन सेकेंडरी स्कूल में बुधवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 1 से 10 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने चार्ट के माध्यम से सोलर सिस्टम, सोर्स ऑफ वाटर, पार्ट्स ऑफ प्लांट, मींस ऑफ ट्रांसपोर्ट, इम्पोरटेन्स ऑफ ट्रैफिक लाइट, टाइप ऑफ हाउस, वोल्केनो, वाटर साइकिल, अर्थ एण्ड स्काई,प्लैसेज ऑफ वरशिप, पार्ट्स ऑफ कंप्यूटर, स्पेस व्हीकल्स, फूड ऑफ इण्डिया आदि का महत्व समझाया वहीं विद्यार्थियों ने प्रदर्शनी में चंद्रयान- 3, वाटर प्यूरीफायर, टेलिस्कोप, सोलर पैनल, वाटर डैम, कालेडोस्केप, न्यूटन्स पेंडुलम, वाटर हार्वेस्टिंग, वाटर साइकिल, वाटर डिस्पेंसर, एटीएम, लिफ्ट कूलर, विभिन्न तरह की घड़ियों, भूकंप अलार्म, टॉफी डिस्पेंसर, वर्किंग ब्रिज, 3ऊहोलोग्राम प्रोजेक्ट, इलेक्ट्रिसिटी कन्वर्टर, वाशिंग मशीन, वैक्यूम क्लीनर, हाइड्रोलिक लिफ्ट, कॉफी मशीन, हाइड्रो इलेक्ट्रिसिटी जेनरेशन प्लांट, मिनी कंप्यूटर आदि मॉडल प्रदर्शित किए।

# ग्रामीण पत्रकार समिति प्रदेश स्तर की और अग्रसर

## अब सरकारों को भी पत्रकारों की समस्याओं पर गंभीर होना होगा

**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**




नसीराबाद। झड़वासा के निकट ग्राम लोहरवाड़ा के भारत निर्माण राजीव गाँधी सेवा केंद्र पर ग्रामीण पत्रकार समिति की प्रदेश स्तरीय बैठक सम्पन्न हुई। मंगलवार को अजमेर जिला जीपीएस के अध्यक्ष पुरण मल उदय की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक में मुख्य अतिथि संभाग अध्यक्ष किशनअवतार पारीक व विशिष्ट अतिथि सुरेंद्र, रंजीत सिंह राठौड़, मुकेश वैष्णव, विजय पारासर, सत्यनारायण वैष्णव, पप्पू सिंह राठौड़, घनश्याम सिंह राठौड़ आदि थे। उक्त सभी अतिथियों ने भामाशाह पुरण मल उदय जिन्होंने ग्रामीण पत्रकार समिति को कार्यालय उपयोग हेतु अपनी खातेदारी जमीन में से 60 बाई 30 का एक प्लाट ग्रामीण पत्रकार समिति को दान की उसके लिए सम्मान किया तथा सभी अतिथियों ने सयुंक्त रूप से अपने सम्बोधन में बताया की ग्रामीण पत्रकार को अपने कर्तव्य बोध को लेकर पूरी सकारात्मकता के साथ गंभीर होना होगा और अपनी कोई भी समस्या के निराकरण हेतु इस जीपीएस संगठन के माध्यम से पूरी एक जुटता के साथ आगे बढ़ना होगा इसके लिए एक अभियान से अपने साथियों के साथ प्रदेश स्तर पर आगे बढ़ना होगा। लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ कहलाने वाले पत्रकार आज सरकार की उपेक्षाओं के कारण भी आज कई समस्याओं से घिरा हुआ है इस तरफ भी सरकारों को गंभीर होना होगा। इस मौके पर अजमेर, ब्यावर, केकड़ी, टोंक, नागौर, पाली व भीलवाड़ा के कई ग्रामीण पत्रकार उपस्थित थे इस अवसर पर कविराज देवकरण मेघवंशी व कमलेश शर्मा ने श्रंगार रस व हास्य रस कविताओं का रसपास करवाया जिससे सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम संचालक राजेश वर्मा ने किया।

# पद्मप्रभ मोक्षकल्याणक महोत्सव मनाया धुलियान में



**धुलियान मुर्शिदाबाद पश्चिम बंगाल**

फाल्गुन कृष्णा चतुर्थी को श्री सम्मेद शिखर के मोहनकूट से तीर्थंकर श्री पद्मप्रभ भगवान मोक्ष गये। मोक्षकल्याणक के उपलक्ष में पुरे देश के साथ साथ धुलियान मंदिर जी में भी अभिषेक शांतिधारा के पश्चात धूमधाम के साथ निर्वाण लड्डु चढ़ाया गया जिसमें मुर्शिदाबाद जिला पद्मप्रभ गुरुभक्त परिवार के भक्त कैलाश सेठी, मनोज बड़जात्या आदी ने भाग लिया, पद्मप्रभ चालिसा का पाठ हुआ। **-संजय बड़जात्या**

# वैराग्य की ऐसी लगन घर परिवार छोड़ अध्यात्म की राह पर चली बाल ब्रमचारणी कीर्ति दीदी

**झुमरीतिलैया. शाबाश इंडिया।** परम पूज्य गणाचार्य श्री 108 विरागसागर जी महाराज के परम शि ष्या जैन संत गणीय आर्यक रत्न 105 विभा श्री माता जी सम्मेदशिखर जी मे विराजमान है जिसके चर्चा पूरे देश में हो रहा है जहाँ प्रतिदिन भक्तों का रेला आ रहा है ओर मंगल आशीर्वाद लेकर अपने आपको धन्य मान्य रहे है। इसी कड़ी में में परम पूज्य आर्यक 105 विभा श्री माता जी के मंगल आशीर्वाद से आगामी 8 मार्च को तीर्थराज सम्मेदशिखर जी दीक्षा होगा । माता के आशीर्वाद ओर अनुमति मिलने के बाद दीक्षार्थी कीर्ति दीदी सभी जैन संतों के चरणों में जाकर दर्शन कर रहे हैं एवं उनका समाज की ओर से गोद भराई और बिंदोरी का कार्यक्रम हो रहा है ।इसी क्रम में धर्म नगरी कोडरमा के जैन भवन से गाजे बाजे के साथ नगर भ्रमण कर जैन बड़ा मंदिर पहुँचे जहाँ सर्व प्रथम श्री जी का दर्शन करने के पश्चात प्रतिदिन की भांति णमोकार चालीसा का पाठ के साथ मंगलाचरण सुबोध गंगवाल ने किया ।साथ ही साथ मे आये माता जी की ग्रहस्थ अवस्था की माँ राधा देवी और स्वतंत भैया का स्वागत ओर सम्मान समाज के लोगो ने किया उसके बाद बाल ब्रमचारणी कीर्ति दीदी (भिण्ड)का गोद भराई कार्यक्रम हुआ सर्वप्रथम समाज के सभी पदाधिकारी के साथ पूरे समाज के लोगों ने गोद भराई कार्यक्रम किया इस अवसर पर समाज के उप मंत्री नरेंद्र झांझरी ने कहा कि उस शहर का बहुत सौभाग्य होता है जहाँ दीक्षा के पहले दीक्षार्थी का गोद भराई कार्यक्रम होता है आगे कहा कि गोद भराई क्यों की जाती है। क्योंकि विवाह के समय संसार को बढ़ाने के लिए होता है और जैन दीक्षार्थी का मोक्ष मार्ग में जाने के लिए गोद भराई होता है। आगे महिला समाज की अध्यक्ष नीलम सेठी ओर मंत्राणी आशा गंगवाल ने संयुक्त रूप से कहा कि बेटी तो सौभाग्य की बात है कि अपने पिता के कुल को ओर पति के कुल के साथ दीक्षा लेकर धर्म ध्वजा को आगे बढ़ाती है । सभी कार्यक्रम में समाज के उप मंत्री जैन नरेंद झांझरी,सह मंत्री जैन राज छाबडा कोषाध्यक्ष जैन सुरेन्द काला,पूर्व मंत्री जैन ललित सेठी,सुनील जैन,जैन सुरेश झांझरी,जैन सुशील छाबडा,जैन मनीष सेठी,जैन,शैलेश छाबडा,जैन सुनील अजमेरा,जैन विकाश-खुशबू सेठी,लड्डू छाबडा के साथ समाज के सेकड़ो लोग उपस्थित थे। मंच संचालन सुबोध गंगवाल ने किया मीडिया प्रभारी जैन राज कुमार अजमेरा,नविन जैन भी शामिल हुवे।



# कलाकुंज जैन मंदिर में मनाया जैन धर्म के छठवें तीर्थंकर पद्मप्रभु भगवान का निर्वाण कल्याणक महोत्सव

**आगरा. शाबाश इंडिया**

श्री 1008 महावीर दिगंबर जैन मंदिर कलाकुंज मारुति स्टेट में वात्सल्य सेवा समिति के तत्वावधान में जैन धर्म के छठवें पद्मप्रभु भगवान का मोक्ष कल्याणक लाडू चढ़ाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अभिषेक एवं शांतिधारा के साथ हुआ। तत्पश्चात डॉ राजीव जैन के निर्देशन में निर्वाण कांड पढ़ा और उपस्थित सभी भक्तजनों ने भक्ति भाव के साथ प्रभु पद्मप्रभु के समक्ष एक साथ लाडू समर्पित किया। और लाडू चढ़ाते समय सभी ने यह भावना भायी, हे भगवान हम भी इस अमर पद को प्राप्त करें जो आपने प्राप्त किया। जिससे जन्म मरण का चक्कर खत्म हो।और सांसारिक जीवन सदैव के लिए समाप्त हो।इस अवसर पर अध्यक्ष रश्मि जैन, कविता जैन,रतिभा जैन,सुनीता जैन निशा जैन,रीता जैन,सुनंदा जैन,स्वीटी जैन,मंजरी जैन,पुष्प जैन मीना जैन, रविंद्र जैन,अंकित जैन,आशु भगत,मनोज जैन,शुभम जैन,समस्त कलाकुंज जैन समाज के लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष रश्मि जैन ने सभी का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।





## कर्नाटका के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने पुष्पा पांड्या के द्वारा आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के 50 फीट के कलाचित्र का अनावरण किया



**बैंगलोर. शाबाश इंडिया**

राजभवन में एक ऐतिहासिक समारोह का आयोजन किया गया जिसमें कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने महान आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के प्रतिष्ठित जीवन की 50-फीट लम्बी पेंटिंग का अनावरण किया। इस पेंटिंग को पुष्पा पांड्या, एम ए फाइन आर्ट्स गोल्ड मेडलिस्ट द्वारा बनाया गया जिसमे उन्होंने आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के गहन विचारों और उनके जीवन के महत्वपूर्ण पलों को उजागर किया। इस समारोह में पुष्पा पांड्या के साथ, सुरेंद्र हेगड़े (वीरेंद्र हेगड़े के भाई), अनीता हेगड़े और रजत पांड्या (फाउंडर एंड सीईओ, फौनाटेक) मौजूद थे। श्रद्धांजलि के रूप में राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने कलाचित्र के सामने दीप प्रज्वलित किया और आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज को विनयांजलि प्रेषित की। इस अवसर पर बोलते हुए, राज्यपाल गहलोत ने आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के आदर्शों और उनके समाज में किए गए योगदान की प्रशंसा की, और कलाकार पुष्पा पांड्या को उनकी उत्कृष्ट कला के लिए सराहा। इस महान चित्र के अनावरण से आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के गुरुवचनों और उनकी विरासत को संरक्षित करने में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है, जिससे उनका आदर्श सदा के लिए प्रकाशित रहे।

## दिगम्बर जैन महासमिति महिला अंचल राजस्थान का प्रथम महिला सम्मेलन 1मार्च को



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगम्बर जैन महासमिति महिला अंचल राजस्थान का प्रथम महिला सम्मेलन शुक्रवार दिनांक 1-3-2024 को भट्टारक जी की नसियां में दोपहर में होगा। इसका पोस्टर का विमोचन आचार्य श्री 108 चैत्य सागर जी महाराज एवं माताजी के सानिध्य में हुआ मंगल विहार जैन मंदिर जी में हुआ। महासमिति महिला अंचल राजस्थान की अध्यक्षा श्रीमती शकुंतला जैन ने बताया कि इस कार्यक्रम में महासमिति के राष्ट्रीय महामंत्री सुरेन्द्र कुमार जैन पांड्या राजस्थान अंचल के अध्यक्ष अनिल जैन आईपीएस रिटायर्ड, महामंत्री महावीर जैन बाकलीवाल, कोषाध्यक्ष रमेश जैन, महावीर जैन बिन्दायका, श्रीमती उर्मिला जैन, रचना वैद,मधु जैन, मंगल विहार मंदिर जी की अध्यक्षा श्रीमती सुनीता जैन, विमल कोठारी के साथ बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष भी साक्षी रहे। इस अवसर पर 108 आचार्य श्री चैत्य सागर जी महाराज ने अपने मंगल आशीर्वाद में कहा कि महिलाएं एवं पुरुष अपने बच्चों में जैन धर्म के संस्कार डाले ।उनको धर्म का ज्ञान कराने में महासमिति अपनी अग्रिणी भूमिका निभाये ।महासमिति राजस्थान ने इस वर्ष को श्रावकाचार साल घोषित किया इसके लिए मंगल आशीर्वाद। अंचल अध्यक्ष अनिल जैन ने उपस्थित सभी सम्माननीय पुरुषों एवं महिलाओं से अपील एंव कहा कि इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पधारें एवं इसको सफल बनाने में विशेष रूप से महिलाओं की भागीदारी हो। अंत में शकुंतला जैन अध्यक्षा ने पधारें हुए सभी महानुभावों को धन्यवाद दिया। शकुंतला जैन अध्यक्षा दिगम्बर जैन महासमिति महिला अंचल राजस्थान।



# दिगंबर जैन समाज ने सुमति धाम की सौगात देने वाले गोधा दंपति का किया सम्मान

राजेश जैन दद्दू. शाबाश इंडिया



इंदौर। गांधीनगर के समीप गोधा स्टेट में निर्मित तीर्थ स्वरूप दिगंबर जैन मंदिर सुमति धाम का अपने स्वयं के धन से निर्माण कर और उसकी पंचकल्याणक प्रतिष्ठा कराने वाले श्री मनीष सपना गोधा दंपति का आज सुमति धाम में दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद ने सम्मान करते हुए इस पुण्य कार्य की अनुमोदना की और उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सामाजिक संसद के अध्यक्ष श्री राजकुमार पाटोदी ने कहा कि गोधा दंपति एवं उनके परिवार ने सुमति धाम का निर्माण कराकर अकल्पनीय अद्भुत पुण्य कार्य किया एवं समाज के समक्ष एक आदर्श उपस्थित किया है। संसद के परम संरक्षक श्री एमके जैन ने गोधा दंपति के इस पुनीत कार्य को पूरी समाज के लिए अनुकरणीय बताया। मंत्री डॉ जैनेंद्र जैन ने कहा कि गोधा दंपति का यह कार्य उनके हृदय की विशालता और धर्म एवं समाज के प्रति समर्पण एवं उदारता का अनुपम उदाहरण है। महावीर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री अमित कासलीवाल ने सुमति धाम के निर्माण को ऐतिहासिक एवं दुर्लभतम रचना बताते हुए कहा कि सुमति धाम के निर्माण से धर्म, समाज एवं नगर का भी गौरव बढ़ेगा। समाजसेवी श्री नवीन गोधा ने भी संबोधित किया। अपने सम्मान के उत्तर में सपना मनीष गोधा ने सम्मान के प्रति आभार व्यक्त करते हो कहा कि गोधा परिवार ने सुमति धाम का निर्माण अपना सम्मान बहुमान कराने के लिए नहीं किया बल्कि जैन धर्म की प्रभावना बढ़ाने के लिए किया है और जो कुछ हुआ है वह हमने नहीं भगवान सुमति नाथ की आशीष अनुकंपा और अंतरमना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी एवं आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के आशीर्वाद से ही संभव हुआ है । आपने होने वाले पंचकल्याणक की रूपरेखा एवं उसके संबंध में विस्तृत जानकारी से भी अवगत किया। इस अवसर पर सर्वश्री हंसमुख गांधी, विपुल बांझल दिलीप पाटनी, राजेंद्र सोनी, संजय कासलीवाल, संजय अहिंसा,, मनोहर झांझरी एवं नवीन गोधा आदि गणमान्य उपस्थित थे समारोह का संचालन एवं आभार संसद के महामंत्री श्री सुशील पांड्या ने किया।

# जैन धर्म के छठे तीर्थंकर भगवान पदमप्रभू का मोक्ष कल्याणक मनाया

**अमन जैन कोटखावादा. शाबाश इंडिया**



**कोटखावदा।** जैन धर्म के छठें तीर्थंकर भगवान पदमप्रभू का मोक्ष कल्याणक दिवस बुधवार 28फरवरी को भक्ति भाव से मनाया गया।इस मौके पर कस्बे सहित क्षेत्र के दिगम्बर जैन मंदिरों में मोक्ष का प्रतीक निर्वाण लाडू चढाया गया। प्रातः पदमप्रभू भगवान के अभिषेक, शांतिधारा के बाद पूजा अर्चना की गई। पूजा के दौरान निर्वाण काण्ड भाषा बोलकर मोक्ष कल्याणक श्लोक " फाल्गुन बदी सुचोथ को, मोक्ष गये भगवान ।इन्द्र आय पूजा करी, मै पूजों धर ध्यान।। श्री पद्मप्रभ जिनराय जी, मोहे राखो हो शरना" का उच्चारण करते हुए मोक्ष का प्रतीक निर्वाण लाडू चढाया गया । आरती के बाद समापन हुआ। कोटखावदा के बड़ाबास स्थित श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र में अध्यक्ष महावीर गंगवाल एवं मंत्री दीपक वैद के नेतृत्व में भगवान पद्मप्रभु का निवाणोत्सव मनाया गया।इससे पूर्व भगवान पदमप्रभू की खडगासन प्रतिमा के मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक किये गये। इस मौके पर शांति चांदवाड, धर्म चन्द वैद, रितेश वैद, पंकज वैद, रीतेश वैद, चेतन जैन सहित बडी संख्या में जैन बन्धु शामिल हुए।राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर ग्रामीण जोन के महामंत्री अमन जैन पत्रकार के मुताबिक श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर चैत्यालय, छोटा बास स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, आकोडिया के श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर मे पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, बापू गांव स्थित श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र छोटा गिरनार, चाकसू के आदिश्वर धाम, काशीपुरा, रुपाहेडी कला, महादेव पुरा, निमोडिया, बस्सी आदि दिगम्बर जैन मंदिरों में भगवान पद्मप्रभु के मोक्ष कल्याणक दिवस पर विशेष आयोजन किये जाकर मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया गया।

## जैन स्कूल तिनसी के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

**रत्नेश जैन रागी. शाबाश इंडिया**

**दलपतपुर।** निकटवर्ती ग्राम तिनसी के एसएसके जैन पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव में बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दी एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संस्थापक व परम संरक्षक न्यायमूर्ति श्रीमती विमला जी जैन , सुरेश जैन आईएएस भोपाल की विशेष उपस्थिति रही। यह कार्यक्रम वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. पूर्णचंद्र जैन बण्डा की अध्यक्षता तथा विधायक प्रतिनिधि व वरिष्ठ समाजसेवी लाखन सिंह लम्बरदार बण्डा व अरविंद जैन जिला शिक्षा अधिकारी सागर के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा आकर्षक वेषभूषा के साथ प्रस्तुत सरस्वती वंदना, बुंदेली स्वागत गीत , रामजी की निकली सवारी, सबसे पहिले लूंगा मम्मी डैडी का नाम आदि गीत संगीत नृत्य ने सभी का मनमोह लिया। इस अवसर पर गत वर्ष में श्रेष्ठ प्रदर्शन व प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में प्रतिष्ठा जैन सीईओ जनपद पंचायत , विनोद जैन मुख्य कार्यपालन अधिकारी भोपाल , एमपी आठिया संकुल प्राचार्य , सरपंच रघुनाथ सिंह, सरपंच मुकेश सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी अशोक ठेकेदार बण्डा,मोती लाल सांधेलिया , हरिनारायण गोस्वामी, खिलान सिंह धुरमार , पुष्पेन्द्र राठौर, महेंद्र सिंह महूना,रामेस्वर पटेरिया दलपतपुर आदि विशिष्ट अतिथि के साथ ही गणमान्य नागरिक अभिभावकों की गरिमामय उपस्थिति रही ।





## धामनोद दिगम्बर जैन मंदिर में जैनधर्म के तीर्थंकर भगवान पद्मप्रभुजी का मोक्षकल्याक पर लड्डू चढ़ाया गया



**धांमनोद. शाबाश इंडिया**

दिगम्बर जैन मंदिर में तीर्थंकर भगवान श्री पदम प्रभु का मोक्ष कल्याक लड्डू चढ़ाकर यह भावना भाई गयी हमारा भी भगवान जन्म मरण मिट जाए। सबेरे से ही मन्दिर में श्रावक व श्राविकाओं का आना शुरू हो गया ।सभी महिलाएं प्राशुक जल से शुद लड्डू व भगवान की गाथा का स्मरण कर निर्माण करती मिट्टी का दीपक भी थाली को सजावट कर के तैयार करती है आज सामूहिक निर्माणकाण्ड बोलजर लड्डू चढ़ाया गया, इसके पहले भगवान का स्वर्णकलश कर श्रीशांतिधारा की गई।

# लेखिका सुशी सक्सेना जी से साक्षात्कार




जैसा कि ज्ञात है इंदौर की सुप्रसिद्ध लेखिका सुशी सक्सेना की पुस्तक महानायक आने वाली है जो कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के क्रियाकलापों पर आधारित है। इसी सिलसिले में पत्रकार श्रवण खोड के साथ सुशी सक्सेना जी के साक्षात्कार में खास चंद सवालात............ श्रवण खोडः सुशी जी सबसे पहले आप अपने और अपने लेखन के बारे में कुछ बताइए।

**सुशी सक्सेनाः** मैं एक लेखिका हूं। मेरा जन्म उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में हुआ था और अभी इंदौर में रह रही हूं। एक इंडीयन आईरिस की वेबसाइट में कंटेंट राइटर की जोब कर रही हूं। मेरी लिखी शायरियां और कविताएं बहुत सी मैगजीन और न्यूज पेपर में प्रकाशित होती हैं। बहुत से साझा संकलन में कविताएं प्रकाशित हैं और कई सम्मान पत्र भी प्राप्त हैं। अनुराग्यम द्वारा गोल्ड मेडल से सम्मानित हूं। मेरी पांच पुस्तकें भी प्रकाशित हो चुकी हैं। मेरे सनम, जिंदगी की परिभाषा, नशा कलम का, मेरे साहिब, चाहतों की हवा। मैं जो भी लिखती हूं वो सोच समझ कर नहीं लिखती बल्कि खुद बा खुद लिख जाता है। मेरे दिल और दिमाग में हर वक्त जो अहसास चलते रहते हैं। मैं तो सिर्फ उन्हें पन्नों पर उतार देती हूं।

**श्रवण खोडः** जैसा कि आपकी मोदी जी पर बुक आ रही है तो आप कैसा महसूस कर रही हैं देश के प्रधानमंत्री जी के ऊपर लिख कर।



**सुशी सक्सेनाः** देश के शहीदों ने जो भी देश के लिए किया उसे कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। लेकिन जो अभी जिंदा रहते देश के लिए कर रहे हैं उसे भी कम नहीं आंका जा सकता। मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि मुझे एक युगपुरुष महानायक देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के ऊपर कुछ लिखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मोदी जी की छत्रछाया में वाकई में देश में बदलाव नजर आता है। उन्होंने देश की एक ऐसी तस्वीर बनाई है जो कि दुबारा से देश सोने की चिड़िया कहलाने योग्य है।

**श्रवण खोडः** आप की पुस्तक महानायक के बारे में कुछ बताएं और यह कब तक आ रही है।

**सुशी सक्सेनाः** पुस्तक महानायक इस वर्ष 31 मार्च के बाद आप सब के सामने होगी। यह मोदी जी के क्रियाकलापों पर आधारित है। इसके तीन भाग हैं। प्रथम में मोदी जी के बारे में दिया गया है जो उन्होंने देश के लिए किया है और दूसरे में देश में जो भी बदलाव हुआ है उसके बारे में दिया गया है। तीसरे में उनकी कल्याणकारी कुछ योजनाओं के बारे में दिया गया है जिनसे देश की आम जनता को बहुत लाभ मिला है। उन्होंने देश में बहुत से सुधार किए हैं, और अभी भी जारी है। जो कि काबिले तारीफ हैं। उनके अब तक के कार्यकाल में जो योजनाएं आईं हैं, वो आम जनता के सभी वर्गों गरीबों, महिलाओं, बच्चों एवं हर तरह के लोगों के लिए लाभदायक सिद्ध हुई है।

**श्रवण खोडः** आपको मोदी जी की बुक पर लिखने का सुअवसर कैसे प्राप्त हुआ, इसके लिए किसका आभार व्यक्त करेंगी?

**सुशी सक्सेनाः** इंडियन आयरस समूह से जुड़ना मेरे लिए बहुत बड़े सौभाग्य की बात है। जहां से प्रेरित होकर मुझे यह सुअवसर प्राप्त हुआ। इसके लिए इंडियन आयरस समूह के सहयोगी सुभाशूं शर्मा और संस्थापक नारायण सिंह राव 'सैलाब' का हार्दिक आभार व्यक्त करती हूं। जिन्होंने हमेशा मेरे लेखन को सराहा और मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन सभी स्नेहिल लोगों को जिन्होंने मेरे लेखन को पसंद किया और मुझे इतना प्यार और सम्मान दिया। इन सबसे परे मेरी प्रेरणास्रोत मैम डौली झा जिन्होंने मुझे खुद से जीना सिखाया और हर कदम मेरा साथ दिया।

# चीफ क्षेत्रीय प्रबंधक (CRM) हरीचंद सर के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह आयोजित



**जयपुर।** New India Assurance Co. Ltd. के जयपुर क्षेत्रीय कार्यालय के चीफ क्षेत्रीय प्रबंधक (CRM) हरीचंद सर के सेवानिवृत्त ( 29 फरवरी को ) होने पर ओर साथ ही क्षेत्रीय प्रबंधक (RM) भागचंद सेठी को चीफ क्षेत्रीय प्रबंधक (CRM) पद पर पदोन्नति होकर जयपुर क्षेत्रीय कार्यालय (JRO) में ही कार्यभार ग्रहण करने पर 6 अभिकर्ता सौरभ गोधा, विवेक जैन, ज्ञानेन्द्र गुप्ता, कमल अग्रवाल द्वारा NIACL-JRO के सभी अभिकर्ता साथियों की तरफ से पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेक्षित की गई.

# आचार्य भगवन विद्यासागर महा मुनिराज के नाम से एक भव्यतम स्मृति द्वार बनाये नगरपालिका



**ललितपुर. शाबाश इंडिया।** जन-जन के आराध्य संत 108 आचार्य भगवन विद्यासागर जी महामुनि राज को विनयांजलि स्वरूप ललितपुर नगर मे एक स्मृति द्वार व स्मृति स्तंभ/उद्यान बनाए जाने के संबंध में शहर की एक दर्जन से अधिक सामाजिक, धार्मिक व राजनैतिक संस्थाओं ने नगर पालिका प्रशासन व नपाध्यक्ष प्रतिनिधि को उक्त मांगों से सम्बंधित पत्र सौंपा। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि व पालिका प्रशासन को सौपे गये मांग पत्र में उक्त सभी संगठनों ने एक स्वर में मांग की कि आचार्य श्री विद्यासागर जी महा मुनिराज जनजन के सर्वमान्य संत थे वह मानवता, दया और करुणा के अवतार थे उनके जन जनपर किये उपकारों को कभी बुलाया नहीं जा सकता। पूज्य गुरुवर के आशीर्वाद से ललितपुर में दयोदय गौशाला, प्रतिभास्थली और हथकरघा जैसी अमूल धरोहरें आज सर्व समाज के सहयोग से उत्कृष्ट तरीके से कार्य कर रही है। सनातन के संवाहक पूज्य गुरुदेव राष्ट्र हित चिंतक हमेशा कहते थे कि भारत ही हमारी संस्कृति का प्रतीक है इंडिया नही इसलिये वे हमेशा भारत बालने पर बल देते थे देश मे आयुर्वेद चिकित्सा को विलुप्त होने से बचाने के लिए उन्होने पूर्ण आयु जैसे आयुर्वेदिक संस्थानो की शुरूआत की जिससे लोग आयुर्वेद से जुडे स्वस्थ रहे और इसके महत्व को समझे। चिकित्सा में पिछडे बुंदेलखंड को भाग्योदय तीर्थ उन्ही की प्रेरणा से आज स्थापना है जहां सर्वासमाज के रोगियों का उपचार हो रहा है। आचार्य श्री का सम्पूर्ण जीवन मानव कल्याण व मानवता के लिये ही समर्पित रहा।